नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 260 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 15 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर
रीपा योजना ने दिखाई समूह की दीदियों को आत्मनिर्भरता की राह



बिलासपुर पुलिस की निजात अभियान चारों तरफ हो रही प्रशंसा
पेज -8 पर

# राज्यपाल हरिचंदन ने मोहन मरकाम को मंत्री पद की शपथ दिलाई

*रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राजभवन के दरबार हॉल में विधायक मोहन मरकाम को मंत्री पद की शपथ दिलाई। मरकाम ने हिंदी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।*





राज्यपाल हरिचंदन एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण के पश्चात मरकाम को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिला भेंड़िया, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार, संसदीय सचिवगण, विधायकगण, निगम मंडल के अध्यक्ष, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### एकल उपयोग प्लास्टिक के विलोपन हेतु गठित टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में एकल उपयोग प्लास्टिक के विलोपन हेतु गठित टास्क फोर्स की तीसरी बैठक आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने एकल उपयोग प्लास्टिक के विलोपन हेतु व्यापक कार्ययोजना के तहत प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्प के रूप में बर्तन बैंक, कपड़े, कागज की थैली और दोना-पत्तल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कार्य करने कहा है। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ में मंत्रियों के विभाग में बड़ा फेरबदल

# सिंहदेव को ऊर्जा, रविंद्र चौबे को स्कूल शिक्षा और मरकाम को ST,SC,OBC और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मिला

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मंत्रियों का विभाग बदला जा रहा है। अधिसूचना जारी होने से पहले सूत्रों के हवाले से बड़ी अपडेट सामने आई है। जानकारी के मुताबिक डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को ऊर्जा विभाग का प्रभार दिया जा रहा है।



इससे पहले ये विभाग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास था। इसी तरह मंत्री ताम्रध्वज साहू कृषि मंत्रालय को दिया गया है। जबकि स्कूल शिक्षा और सहकारिता की जिम्मेदारी रविन्द्र चौबे संभालेंगे। मोहन मरकाम को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक कल्याण विभाग सौंपा जा रहा है।

### प्रेमसाय सिंह टेकाम को कैबिनेट मंत्री का दर्जा



प्रेमसाय सिंह टेकाम को राज्य योजना आयोग का अध्यक्ष बनाकर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मरकाम के शपथ ग्रहण के बाद सीएम हाउस में मंत्रियों की एक बैठक रखी गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ये बैठक ली है, जिसमें मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर, गुरु रूद्रकुमार, शिव डहरिया और कवासी लखमा मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि विभागों के फेरबदल को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई है। सूत्रों के मुताबिक मंत्री रविन्द्र चौबे के स्वास्थ्यगत कारणों की वजह से उनकी जिम्मेदारी कम की जा सकती है और ताम्रध्वज साहू को कृषि विभाग की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसके साथ ही मोहन मरकाम को स्कूल शिक्षा विभाग के साथ सहकारिता विभाग भी दिया जा सकता है। इसके अलावा डिप्टी सीएम बनाए जाने के बाद संभव है कि टीएस सिंहदेव को भी किसी नए विभाग की जिम्मेदारी दी जाए।

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस में एक महीने के अंदर क्या-क्या हुआ...

**छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाया गया।**

**बस्तर सांसद दीपक बैज को छत्तीसगढ़ का कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है।**

**मोहन मरकाम को पीसीसी चीफ के पद से हटाकर मंत्रालय में जगह दी गई है।**

**प्रेमसाय सिंह टेकाम ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया। अब राज्य योजना आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है**

**आज मंत्रालय में मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया गया है।**

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी से मिले दीपक बैज, आज लेंगे शपथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद सांसद दीपक बैज ने आज ष्क्क्क चेयरपर्सन सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात की. इस दौरान नई जिम्मेदारी देने पर बैज ने आभार जताया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक बैज ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी से भी सौजन्य मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया. दीपक बैज दोपहर 3 बजे राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे. कार्यक्रम में सीएम भूपेश बघेल समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है. बताया जा रहा कि शपथ के बाद दीपक बैज पार्टी की बैठक लेंगे।

## संविदाकर्मियों की हड़ताल पर सरकार सख्त कार्रवाई के मूड में..

### सर्विस ब्रेक और निष्कासन की कार्रवाई संभव




**रायपुर।** संविदाकर्मियों के हड़ताल पर सरकार बड़ी कार्रवाई के मूड में है। सूत्रों के अनुसार हड़ताल इसी तरह जारी रहने पर संविदाकर्मियों की सर्विस ब्रेक हो सकती है। हड़ताल बंद न करने पर सरकार निष्कासन की कार्रवाई भी कर सकती है। संविदाकर्मियों की हड़ताल से आम जनता और सरकारी कामों में हो रही परेशानियों को देखते हुए सरकार सख्त कदम उठाने के मूड में है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि संविदाकर्मियों के हित में सरकार ने काफी काम किया है और उनकी सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक भविष्य में निर्णय लिया जाएगा। लेकिन फिलहाल विधानसभा सत्र और चुनाव से पहले हड़ताल ब्लैकमेल करने जैसा है। अपुष्ट सूत्रों के मुताबिक संविदाकर्मियों की हड़ताल जारी रहने पर सरकार जल्द ही सख्त कदम उठा सकती है, उल्लेखनीय है कि प्रदेश के संविदाकर्मी नियमितीकरण की मांगों को लेकर लंबे समय से हड़ताल पर है। जिसके कारण आम जनता को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## रायपुर एम्स के निदेशक का इस्तीफा मंजूर, नोटिस पीरियड पर कर रहे थे काम

रायपुर। राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डायरेक्टर डा. नितिन एम नागरकर का इस्तीफा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंजूर कर लिया है। एम्स प्रबंधन को अभी तक नए निदेशक या प्रभारी निदेशक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है।






एम्स के डाक्टरों और कर्मचारियों ने डा. नितिन एम नागरकर को विदाई दी।

गौरतलब है कि डा. नितिन एम नागरकर का कार्यकाल अगस्त 2023 तक था लेकिन इससे पहले 31 दिसंबर को उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को इस्तीफा भेज दिया। उन्होंने इस्तीफे की कोई खास वजह नहीं बताई थी। अभी तक वे नोटिस पीरियड पर काम कर रहे थे।

एम्स की स्थापना वर्ष-2012 के समय से सेवाएं दे रहे डा. नागरकर का कार्यकाल 10 साल से ज्यादा हो गया था। वर्ष-2018 में उनका कार्यकाल पांच साल के लिए बढ़ाया गया था। गौरतलब है कि डा. नितिन एम नागरकर एम्स के संस्थापक निदेशक हैं। निदेशक डा. नितिन एम. नागरकर का कहना है कि घर में कोई डाक्टर नहीं है। पिताजी, चाचा, भाई समेत परिवार में सभी इंजीनियर हैं। उनका भी मन था कि वह इंजीनियर बने, लेकिन दादी ने कहा कि डाक्टर बनना है। जिसके बाद डाक्टर बने।

## साय ने अपने पूर्व निज सहायक पर कार्रवाई के लिए संचालक को पत्र लिखा



**रायपुर।** सीएसआईडीसी के अध्यक्ष नंद कुमार साय ने अपने पूर्व निज सहायक वीरेन्द्र जायसवाल पर कार्रवाई के लिए निगम के कार्यपालन संचालक को पत्र लिखा है।साय ने निज सहायक पर लगाए आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना पद में रहते हुए भी विभाग में दबाव पूर्व काम कराया जा रहा था। साय ने कहा कि हमने वीरेंद्र को मना कर दिया था। फिर भी वह हमारे नाम से कुछ कुछ कर रहा था। इसकी शिकायत हमने की है।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का दौरा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों में तृतीय स्तर के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक जुलाई माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों के दौरे पर आ रहे हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी साझा की जा सकती है। राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक निरंजन सुरजीत सिंह जुलाई माह में छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले का दौरा कर सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे।

## अंतरिक्ष की दुनिया में भारत ने रचा इतिहास

# इसरो का तीसरा मून मिशन चंद्रयान-3 लॉन्च

भारत का तीसरा मून मिशन करीब 40-50 दिन की यात्रा के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडिंग करेगा। लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड 2 से होगी। 'चंद्र मिशन' साल 2019 के 'चंद्रयान-2' का फॉलोअप मिशन है।

भारत के इस तीसरे चंद्र मिशन में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग का है। 'चंद्रयान-2' मिशन के दौरान अंतिम क्षणों में लैंडर 'विक्रम' पथ विचलन के चलते 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने में सफल नहीं हुआ था। यदि इस बार इस मिशन में सफलता मिलती है तो भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा



### अंतरिक्ष की दुनिया में भारत ने रचा इतिहास

भारत का तीसरा मून मिशन 'चंद्रयान-3' लॉन्च हो चुका है। इसे दोपहर 2:35 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से रवाना किया गया। यदि इस बार इस मिशन में सफलता मिलती है तो भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा। 615 करोड़ की लागत से तैयार ये मून मिशन करीब 42 दिन की यात्रा के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंड करेगा। चंद्रयान-3 को भेजने के लिए LVM -3 लॉन्चर का इस्तेमाल किया गया है। इसे पहले GSLV MK-III के नाम से जाना जाता था।

### पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे मून मिशन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय अंतरिक्ष के क्षेत्र में 14 जुलाई 2023 का दिन हमेशा स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। यह राष्ट्र की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रयान-2 भी उतना ही पथप्रदर्शक था क्योंकि इससे जुड़े ऑर्बिटर के डेटा ने रिमोट सेंसिंग के माध्यम से पहली बार क्रोमियम, मैंगनीज और सोडियम की उपस्थिति का पता लगाया था।

#### चंद्रयान 2 से कितना अलग?

इसरो ने चंद्रयान-2 की असफलता को देखते हुए इस बार चंद्रयान-3 में कुछ तकनीकी सुधार किए हैं। जिससे इस बार चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग करने की काफी संभावना है।

## महाराष्ट्र के वित्त मंत्री बने अजित पवार

### भुजबल को खाद्य; धनंजय मुंडे को कृषि; मुश्रीफ को स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा





**मुंबई ए.।** महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल हुए NCP के 9 मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। डिप्टी CM अजित पवार को वित्त और योजना विभाग का मंत्री बनाया गया है। छगन भुजबल को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग सौंपा गया है। इसके अलावा, धनंजय मुंडे को कृषि, दिलीप वलसे पाटिल को सहकारी, अनिल पाटिल को पुर्नवास और आपदा प्रबंधन, संजय बनसोड़े को खेल और युवा मंत्रालय, अदिति तटकरे को महिला और बाल विकास, धर्मराव अत्राम को फुड एंड ड्रग विभाग, हसन मुश्रीफ को स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा (हेल्थ एजुकेशन) मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। इधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने पास सामान्य प्रशासन, शहरी विकास, सूचना और प्रौद्योगिकी सूचना और जनसंपर्क, परिवहन, सामाजिक न्याय, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन और खनन विभाग रखा है। वहीं, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास गृह, कानून और न्याय, जल संसाधन और लाभकारी क्षेत्र विकास और ऊर्जा विभाग है।

# चंद्रयानः अंतरिक्ष में परचम लहराने की तैयारी, 140 तक पहुंची टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट-अप्स की संख्या

एक जमाने में भारत को सपेरों का देश कहा जाता था, लेकिन अब भारत अंतरिक्ष की दुनिया में एक महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी भूमिका को पूरी तरह से बदल दिया है। वर्ष 2014 से पहले जहां भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़ा सिर्फ एक टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट–अप था, वहीं अब ऐसे पंजीकृत स्टार्ट–अप की संख्या 140 तक पहुंच चुकी है।

इसके अतिरिक्त भारत में ऐसी कंपनियों की संख्या 400 से ज्यादा हो गई है। अभी अंतरिक्ष सेवाएं देने के मामले में भारत अमेरिका, चीन, जापान और ब्रिटेन के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच चुका है। अभी पूरी दुनिया की स्पेस इकनॉमी लगभग 30 लाख करोड़ रुपये की है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 57,431 करोड़ रुपये की है। लेकिन अगले पांच वर्षों में इसमें सालाना 48 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जिससे आगामी पांच वर्षों में भारत की स्पेस इकनॉमी चार लाख 10 हजार करोड़ रुपये की हो सकती है।

भारत के स्टार्ट–अप सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सैटेलाइट और रॉकेट इंजन भी अपने देश में विकसित कर रहे हैं। इनमें से कुछ स्टार्ट–अप ने अगले एक दशक में 30 हजार सैटेलाइट लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। अब ज्यादातर भारतीय स्टार्ट–अप इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारतीय स्टार्ट–अप अपनी खुद की रिसर्च (अनुसंधान) और अपने ही देश के काबिल इंजीनियरों के बल पर काम कर रहे हैं। पूरी दुनिया में सबसे काबिल और सस्ते इंजीनियर हमारे इन्हीं स्टार्ट–अप में काम कर रहे हैं। इसलिए दुनिया की बड़ी से बड़ी कंपनियां भारतीय स्टार्ट–अप में निवेश करने के लिए लाइन लगाकर खड़ी हैं।

पिछले एक साल में भारत के स्टार्ट–अप्स को एक हजार करोड़ रुपये का नया निवेश मिला है, और इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। इसका बड़ा



कारण प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया वह कार्यक्रम है, जिसका मकसद अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष में नए–नए कीर्तिमान लगातार स्थापित कर रहा है। 2014 से लेकर अब तक इसने 44 स्पेस

वर्ष 2014 से पहले भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़ा सिर्फ एक टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट–अप था, वहीं अब ऐसे स्टार्ट–अप की संख्या 140 तक पहुंच चुकी है।

क्रॉफ्ट मिशन और 42 लॉन्च व्हीकल मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा भी इसरो के साथ काम करना चाहती है। चंद्रयान–3 पूरी तरह से मेड इन इंडिया है। वर्ष 2019 में चंद्रयान–2 की विफलता के बाद यह भारत का तीसरा चंद्रयान मिशन है, जिसे आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। चंद्रयान–3 में भी उसी लॉन्चिंग व्हीकल का उपयोग किया गया है, जिसका चंद्रयान–2 में किया गया था। इस यान में कई वैज्ञानिक उपकरण हैं, जो चांद की सतह का अध्ययन करेंगे। इस साल मार्च में इस यान के जरूरी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किए गए थे। इसमें चांद पर लॉन्चिंग के दौरान आ सकने वाली संभावित परिस्थितियों का आकलन किया गया था।

चंद्रयान–3 में तीन मॉड्यूल क्रमशः प्रोपल्शन (प्रणोदन), लैंडर तथा रोवर हैं। प्रणोदन मॉड्यूल में चांद की कक्षा से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और ध्रुवीय माप का अध्ययन करने के लिए स्पेक्ट्रो पोलरिमेट्रिक ऑफ हैबिटेबल प्लेनेट अर्थ (एसएचएपीई) नामक उपकरण है, और यह लैंडर तथा रोवर को चांद की कक्षा के 100 किलोमीटर तक ले जाएगा। इसके अलावा प्रणोदन मॉड्यूल में वैल्यू एडिशन के रूप में एक वैज्ञानिक उपकरण भी है, जिसे लैंडर मॉड्यूल के अलग होने के बाद संचालित किया जाएगा। लैंडर चांद के निर्दिष्ट स्थल पर सॉफ्ट लैंडिंग करने और रोवर को तैनात करने की क्षमता से लैस है, जो अपनी गतिशीलता के दौरान चांद का रासायनिक विश्लेषण करेगा। यदि इस बार चंद्रयान–3 का लैंडर चंद्रमा की सतह पर उतरने में सफल हो गया, तो भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा कीर्तिमान रचने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा।

**ऋषभ मिश्र**

## संपादकीय

### उम्मीद और जमीनी हकीकत

अहम सवाल है कि अगर भारत निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है, तो असल में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ क्यों नहीं रहा है? एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2022–23 में एफडीआई में 22 प्रतिशत की गिरावट आई। यह रिपोर्ट फिर सुर्खियों में है कि निवेश करने के लिए भारत दुनिया की सबसे पहली पसंद बना हुआ है। इन्वेस्को नामक संस्था ने केंद्रीय बैंकों और वेल्थ फंड्स के सर्वे के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। और चूंकि इस दौर में भारतीय मीडिया में सकारात्मक खबरों की खूब मांग है, तो उसमें इस रिपोर्ट को खूब जगह भी मिली है। लेकिन अहम सवाल है कि अगर भारत पहली पसंद बना हुआ है, तो असल में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ क्यों नहीं रहा है? एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2022–23 में एफडीआई में 22 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि यह वो वर्ष रहा, जब ह चीन से हट रहे निवेशकों के हटने की खबरें लगातार आती रहीं। इस ट्रेंड को चाइना+वन कहा जा रहा है। यानी निवेशक चीन से पूरी तरह नहीं हट रहे हैं, लेकिन वे अपने निवेश का एक हिस्सा किसी अन्य देश में ले जा रहे हैं। अब खबर है कि इस ट्रेंड का सबसे ज्यादा वियतनाम उठा ले गया है। इस बीच भारत के इलेक्ट्रॉनिक हब बनने का भी खूब शोर है। मगर यह भी अभी उम्मीदों के दायरे में ही है। असलियत यह है कि इलेक्ट्रॉनिक निर्यात की ताजा रैंकिंग में भारत 26वें नंबर पर है। यानी इस मामले में वह चीन, दक्षिण कोरिया और वियतनाम से तो पीछे है ही, मलेशिया, मेक्सिको, थाईलैंड और फिलीपीन्स भी उससे आगे हैं।

# सड़कें तो आधुनिक बना दीं पर ट्रैफिक नियमों का पालन करना कब सुनिश्चित कराया जायेगा?

भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित–नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए दिल दहलाने एवं रूह कंप–कंपाने वाले एक भीषण एवं दर्दनाक हादसे में एक कार में सवार एक परिवार के छह लोगों की मौत ने एक बार फिर यह खौफनाक एवं डरावना तथ्य उजागर किया कि अपने देश में जैसे–जैसे अच्छी एवं सुविधा की सड़कें बन रही हैं।

वैसे–वैसे ही दुर्घटनाएं या यातायात नियमों की अवहेलना भी बढ़ रही हैं और उनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी। दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर हादसा इसलिए हुआ, क्योंकि एक कार की भिड़ंत गलत दिशा से आ रही बस से हो गई। यह अंधेरगर्दी एवं घोर लापरवाही है कि यह बस करीब आठ किमी तक गलत दिशा में चलती रही, लेकिन किसी ने उसे रोका–टोका नहीं। आखिर कोई यह देखने वाला क्यों नहीं था कि बस चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहा है? जिस समय यह हादसा हुआ, उसके बाद भी उसी हाइवे एवं अन्य सड़क मार्गों पर ऐसी ही लापरवाही देखी गयी। ट्रैफिक पुलिस का ध्यान आज भी हादसों एवं यातायात नियमों की अवहेलना को रोकने की बजाय अपनी जेब भरने में लगा रहता है।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से दी गई यह जानकारी हतप्रभ करने वाली है कि देश में प्रतिदिन करीब 415 लोग यानी प्रति वर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब सड़क दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। जैसा दर्दनाक हादसा दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुआ, वैसे देश भर में होते ही रहते हैं। एक्सप्रेसवे, हाईवे आदि पर होने वाले हादसों में न जाने कितने लोग मरते और अपंग होते हैं, लेकिन इसके ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं कि ट्रैफिक नियमों का पालन कैसे सुनिश्चित हो। यह तो बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए कि एक्सप्रेसवे या हाईवे पर गलत दिशा में वाहन चलें, खड़े रहें या जानवर उनमें प्रवेश करें, लेकिन ऐसा खूब होता है। एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहन भी दिख जाते हैं और कभी–कभी तो तीन सवारी के साथ। सारे करतब मोटर साईकिल सवार इन आधुनिक सड़कों पर करते देखे जाते हैं। ट्रैफिक नियमों का ऐसा खुला उल्लंघन ही जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनता है।

यह गंभीर चिंता का विषय है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज–मस्ती एवं फैशन का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज–मस्ती या फैशन है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता एवं लापरवाही की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है?

हमारे देश की तुलना में अमेरीका में पांच गुणा दुर्घटनाएं होती हैं तो जापान में लगभग हमारे देश जितनी ही, लेकिन वहां मरने वालों की संख्या नगण्य है, क्योंकि वहां के लोगों में यातायात अनुशासन देखने को मिलता है, हमारे देश में ऐसा अनुशासन लाने के लिये सरकार को व्यापक प्रयत्न करने होंगे।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से दी गई यह जानकारी हतप्रभ करने वाली है कि देश में प्रतिदिन करीब 415 लोग यानी प्रति वर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं।

ललित गर्ग

## मिला जुला

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 18 जुलाई को हड़ताल में जिले के 7000 शिक्षक करेंगे रायपुर कूच

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर

शिक्षाकर्मी से शिक्षक बनने तक लम्बा संघर्ष करने वाले सशक्त संगठनों का साझा मंच छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला ईकाई जशपुर का 13 जुलाई 2023 को जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ,छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोशिएशन, के प्रांतीय, जिला, ब्लॉक एवं अन्य पदाधिकारी संयुक्त रुप से शामिल हुए। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला जिला जसपुर के जिला संचालक अजय कुमार गुप्ता,विनय सिंह, संतोष टांडे, अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में शिक्षक एलबी संवर्ग के सशक्त संगठन छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांत अध्यक्ष मनीष मिश्रा,शालेय शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, नवीन शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष विकास सिंह



राजपूत एसंयुक्त शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष केदार जैन एवम टीचर्स एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा ने 05 जुलाई 2023 को राजधानी रायपुर में एकता बैठक आयोजित कर एलबी संवर्ग के शिक्षकों के भावना और हितो को सर्वोपरि मानते हुए तथा सरकार द्वारा शिक्षको के मांगो पर ध्यान नहीं देने के कारण शासन के विरोध में एकजुट होकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। सभी संघों द्वारा सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन कर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एलबी संवर्ग शिक्षको की एक सूत्रीय मांग प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि का गणना कर सही वेतन निर्धारण करते हुए सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान कर, पुरानी पेंशन प्रदान करे एवं कुल 20 वर्ष की पूर्ण सेवा पर पुरानी पेंशन दिया जाने पर आंदोलन करने की सहमति बनी। इस एक सुत्रीय मांग को लेकर आगामी 18 जुलाई 2023 को राजधानी रायपुर में एक दिवसीय जंगी प्रदर्शन एवं मांगो की पूर्ति न होने की दशा में 31 जुलाई 2023 से सभी विकासखंड और जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जिला स्तर पर साझा रणनीति तैयार की गयी, बैठक की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है। सभी जिलाध्यक्ष एवं विकास खंड अध्यक्ष एवं संकुल अध्यक्ष समान भूमिका में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। 13 जुलाई 2023 को जिला स्तर पर जिला संचालको द्वारा जिला के अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तर ब्लॉक संचालको द्वारा ब्लॉक अधिकारियों को 18 जुलाई 2023 को राजधानी रायपुर में एक दिवसीय जंगी प्रदर्शन एवं 31 जुलाई 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल होने की सूचना देंगे। 18 जुलाई 2023 को राजधानी रायपुर में आयोजित एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन में शामिल होने हेतु 14 जुलाई 2023 को विकास खंड स्तरीय एवं 15 जुलाई 2023 को संकुल स्तरीय बैठक आयोजित होगी। विकास खंड स्तरीय बैठक सभी ब्लॉक संचालक एवं संकुल स्तरीय बैठक संकुल संचालक के नेतृत्व में आयोजित होगी। ब्लॉक एवं संकूल की बैठकों में सभी को हमारी एक सुत्रीय मांग की जानकारी प्रदान कर आंदोलन की आवश्यकता बताते हुए आंदोलन में शत.प्रतिशत सहभागिता पर बल देवे। 18 जुलाई 2023 को राजधानी रायपुर में शामिल होने के नाम पर जिले के सभी शिक्षक एलबी संवर्ग सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। 18जुलाई 2023 राजधानी रायपुर के धरना प्रदर्शन एवं रैली में शामिल होने के लिए संकुल स्तरीय दलों का गठन होगाए जिसमें सभी संगठनों के सदस्य एवं पदाधिकारी संयुक्त रूप सुविधानुसार शामिल होंगे।रैली में जाने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए सुविधानुसार वाहन एवं भोजन की व्यवस्था स्वयं के व्यय से करना होगा। सभी ब्लॉक संचालक अपने अपने ब्लॉक एवं संकूल स्तर पर राजधानी जाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं की संख्या एवं वाहन की संख्यात्मक जानकारी के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर राजधानी जाने वाले शिक्षक–शिक्षिकाओं की संकुलवार सूची संकुल प्रभारी ब्लॉक प्रभारी को एवं ब्लॉक प्रभारी जिला प्रभारी को 17 जुलाई 2023 दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करायेंगे। राजधानी रायपुर में जशपुर जिला के समस्त शिक्षक शिक्षिकांए आपसी सामंजस्य स्थापित कर एक साथ रैली में भाग लेंगे। आवागमन के दौरान आवश्यक सावधानी बरतना स्वयं की जिम्मेदारी है। इसलिए सुविधायुक्त वाहन एवं सतर्क वाहन चालक की व्यवस्था सुनिश्चित करें। विशेष जानकारी एवं सहयोग के लिए प्रांत, जिला एवं विकास खंड पदाधिकारियों से सम्पर्क करने के निर्देश।

# एसडीएम ने जशपुर एवं मनोरा के कुपोषित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाईजर की ली बैठक

### कुपोषण से सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जशपुर एसडीएम श्यामा पटेल ने आज जशपुर एवं मनोरा विकासखंड के 40 कुपोषित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर की बैठक लेकर



कुपोषण मुक्त बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर संबंधित विकासखण्ड के जनपद सीईओ उपस्थित थे। बैठक में कुपोषण से सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए दैनिक खानपान एवं व्यवहार में छोटे परिवर्तन के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। साथ ही सभी सरपंच और सचिव के द्वारा एक एक गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को गोद लिया गया। बैठक के दौरान सभी सरपंच, सचिव एवं सुपरवाइजर को बारी–बारी में पौष्टिक आहार अंण्डा, दूध, मौसमी सब्जी एवं फल समय–सयम पर आंगनबाड़ी में देने के लिए कहा गया है साथ ही नियमित रूप से निरीक्षण करके कुपोषित स्तर में सुधार की जानकारी लेने के निर्देश दिए गए हैं।

# आदिवासी जनजाति समाज हो रहे अपने बेस किमती जमीन से बेदखल

जोहार छत्तीसगढ़–दुलदुला।

जिला जशपुर के कई मेन चौक के 90 प्रतिशत जमीन आदिवासी जनजाति समाज का है जिसमें चौक बसा हुआ है व्यापरिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा एवं बेस कीमती भी है और यह चौक के अगल बगल ज्यादातर आदिवासियों का जमीन है किन्तु आदिवासी जनजाति समाज का दुर्भाग्य है कि आदिवासी का जमीन में कोई गैर आदिवासी लोगों का कब्जा हो चुका है यहां जो गैर आदिवासी बसे हैं वह कोई अन्य आदिवासी के नाम से जमीन रजिस्ट्री कराकर जमीन लिए हैं जिसे गांव वाले आदमी भी नहीं जानते है न ही जमीन में कभी जमीन मालिक को कब्जा करते हुए देखते हैं जिसके नाम से जमीन रजिस्ट्री है उसमें कोई दूसरा गैर आदिवासी कब्जा कर रखा है आदिवासी जमीन को कब्जा करने का यह एक तरीका है दुसरा तरीका यह है कि गैर आदिवासी लोग आदिवासीयों का जमीन को लेने के लिए आदिवासी लड़की को प्रेम सम्बन्ध में फंसा कर तथा पत्नी बना कर रख लिए गये हैं और आदिवासी लड़की के नाम से आदिवासी जनजाति समाज का बेस कीमती जमीन को सस्ता में ले लिया गया है जिसमें घर बना कर दुकानदारी कर रहे हैं और वह आदिवासी जनजाति परिवार अपना बेस किमती जमीन से हाथ धो दिया है चूंकि जशपुर जिला में आदिवासियों का जमीन जहां भी बिकता है वह कहीं गैर आदिवासी समान्य, जमीन के कीमतों का यदि आंकलन करें तो उनके जमीन के मूल्य का लगभग 20 से 25 प्रतिशत ही आदिवासी जनजाति का जमीन का मूल्य मिलता है बाकी गैर आदिवासी समान्य जमीन का कीमत आदिवासी के जमीन से 75 प्रतिशत अधिक कीमत पर बिकता है कुल मिलाकर आदिवासी जनजाति समाज के जमीन सस्ता मिलने के कारण भी लोगों का नजर आदिवासियों के जमीन पर गिद्ध के तरह बना हुआ है विशेष कर जशपुर के निच घाट क्षेत्र के एन एच 43 मुख्य सड़क से लगे चौक,चौराहे का एरिया में देखें तो पता चलता है जहां–यहां भी व्यापारिक पांईट है लोगों का आना जाना अधिक होता है वहां आदिवासी समाज के जमीन है या पूर्व में था ऐसे कहा जाता है किन्तु वर्तमान में कोई गैर आदिवासी समान्य जाति के लोगों का कब्जा हैं और जमीन का असली मालिक जो आदिवासी है वह जिंदगी जीने के लिए दर–दर भटक रहे हैं इसी आदिवासी जनजाति समाज के हक की लड़ाई लड़ने के लिए राष्ट्रीय स्तर का सामाजिक संगठन जनजाति सुरक्षा मंच, सामाजिक संगठन सर्व आदिवासी समाज दोनों संगठन के द्वारा सक्रिय भूमिका रहती है पर नाक के नीचे क्या खेल हो रहा है इसका पता नहीं है आज वह आदिवासी परिवार जो उस चौक का मालिक था वह अब वह अपने ही घर बनाने के लिए संघर्ष करने मजबूर है रोड़ से दूर गली में उनका घर बना कर मजदूरी कर जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। पर इनके दुर्दशा पर किसी आदिवासी जनजाति संगठन का ध्यान नहीं है न ही शासन प्रशासन से भी इस ओर कोई ठोस कार्य किये जा रहे हैं जिससे आदिवासी समाज का शोषण से बचाया जा सके राष्ट्रीय राजनीति पार्टी भा ज पा और कांग्रेस दोनों पार्टी का यहाँ शासन सत्ता बनते रहा है और चुनाव के दौरान दोनों पार्टी आदिवासी जनजाति समाज का हित का बात करते हैं अपने आप को आदिवासी हितैषी बताते हैं और कहते हैं यहां का आदिवासियों का जमीन जिसे कोई गैर आदिवासी लोगों के द्वारा खरीदा नहीं जा सकता है उसे कब्जा सरकार करने नहीं देता है ऐसा कहा जाता है पर बस यह कहानी बन कर रह गया है धरातल की कहानी तो कुछ और ही है जो जांच करने, कराने का विषय है यदि सरकार आदिवासियों का हितैषी है और आदिवासियों के प्रति संवेदनशील है तो इस मुद्दे पर जांच कराकर अवैधानिक तरीके से यदि आदिवासी जनजाति समाज का जमीन को कोई गैर आदिवासी लोगों के द्वारा जमीन हड़पना पाया जाता है तो त्वरित कार्यवाही कर आदिवासियों के जमीन वापस कराने की आवश्यकता है जिससे सरकार पर आदिवासी जनजाति समाज का विश्वास बने रहेंगे। सवाल उन जनप्रतिनिधियों पर भी उठते हैं जो राजनीति के सम्मानित एवं प्रमुख पद पर आसीन हैं चुंकी राजस्व जिला जशपुर आदिवासी बाहुल्य जिला है और यहां का सरपंच, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायकए सांसद सीट भी आदिवासी जनजातियों के लिए आरक्षित है जिसमें आदिवासी जनजाति समाज के लोग ही पदस्थ हैं पर वाह रे राजनैतिक कुर्सी पद में बने रहने के लिए जिसमें अपने ही आदिवासी जनजाति समाज के लिए आवाज नहीं उठाये जाते हैं वास्तव में अपने आदिवासी जनजाति समाज को अपने आदिवासी जन प्रतिनिधियों का सहयोग का अभाव रहता है जिसके परिणाम स्वरुप आदिवासियों को अपना बेस कीमती जमीन छोड़ना पड़ रहा है केवल बेस कीमती जमीन का ही बात नहीं है आदिवासियों का बेटी बहन भी अब सुरक्षित नहीं हैं चुंकी जमीन लेने के चक्कर में गैर आदिवासी लोग आदिवासियों के बेटी बहनों पहले रखैल रख कर बाद में पत्नी बना कर रख लिए जाते हैं और उन्हीं के नाम से आदिवासी जमीन को सस्ता में खरीदते हैं जो कि ऐसे मामला आदिवासी जनजाति बाहुल्य जिला में ज्यादा देखने को मिलते है आखिर आदिवासी जनजाति समाज का शोषण कब तक चलते रहेंगे शासन प्रशासन को चाहिए कि अपने संज्ञान लेकर जांच कराकर उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है जिससे आदिवासी समाज को अपने हक का सही एवं उचित न्याय मिलेगा। छत्तीसगढ़ में सरकार तो बदलते देखा गया लेकिन अनुसूचित जनजाति आदिवासी समाज का हालत नहीं बदला है।

विधायक जांगड़े व कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने किया सारबिला कैरियर अकादमी का शुभारम्भ

# अब बरमकेला क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी मिला प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उचित प्लेटफॉर्म

## *जिले की तीसरी शाखा के तौर पर अस्तित्व में आई बरमकेला की सारबिला अकादमी*

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।







जिला प्रशासन की पहल पर बरमकेला क्षेत्र के ऐसे युवक-युवतियों को बड़ी सौगात मिली है, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे हैं। सारबिला कैरियर अकादमी की जिला मुख्यालय सारंगढ़ और भटगांव में उत्तरोत्तर सफलता को देखते हुए आज नगर पंचायत बरमकेला में भी उक्त अकादमी का शुभारम्भ सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े और कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के द्वारा किया गया। इससे बरमकेला क्षेत्र के युवक-युवतियों प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी हासिल करने के लिए उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध हुआ है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला के परिसर में संचालित अकादमी की कोचिंग क्लास का विधायक एवं कलेक्टर ने आज दोपहर को फीता काटकर शुभारम्भ किया और विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इसके पहले आयोजित मंचीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक जांगड़े ने क्षेत्र के युवक-युवतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब से प्रदेश सरकार की कमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सम्भाली, तब से विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूल-चूल सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि बरमकेला क्षेत्र के युवक-युवतियों को इसका अवश्य लाभ मिलेगा, यदि वे पूरी मेहनत, लगन और शिद्दत से अपने लक्ष्य को पाने के लिए आगे बढ़ेंगे। सारबिला कैरियर अकादमी उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब जिला स्तर पर सारबिला अकादमी खोली, तो बरमकेला क्षेत्र से भी इसकी मांग उठी और इसे अंजाम देते हुए आज क्षेत्रवासियों को सौगात मिली है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर इच्छाशक्ति और मेहनत प्रबल हो तो दुनिया की कोई ताकत कामयाब होने से उन्हें नहीं रोक सकती। कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता और सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कलेक्टर ने युवापीढ़ी को समझाइश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग मनोरंजन के लिए नहीं, ज्ञानार्जन के लिए करें, तभी वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि यह सारबिला कैरियर अकादमी की जिले में तीसरी शाखा है, जहां प्रशिक्षित एवं अनुभवी मास्टर ट्रेनरों व शिक्षकों के द्वारा सामान्य ज्ञान, तार्किक एवं वैकल्पिक एवं निबंधात्मक प्रश्नोत्तरी की तैयारी कराई जा रही है। इसके पहले जिला मुख्यालय सारंगढ़ और भटगांव में अकादमी का आगाज जिला प्रशासन की पहल पर किया गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया गया कि बरमकेला अकादमी में एडमिशन के लिए क्षेत्र के युवक-युवतियों में काफी उत्साह है। यहां अब तक 300 से अधिक का पंजीयन किया जा चुका है जबकि 185 से अधिक युवक-युवतियों ने क्लास प्रारम्भ कर दी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, जनपद पंचायत बरमकेला के अध्यक्ष किशोर पटेल सहित अकादमी के नोडल अधिकारीए ट्रेनर्स और शिक्षक व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## एक नजर

### गाड़ी नंबर बदल कर डीजल चोरी कर रहे चोरों को गांव के युवाओं ने दौड़ाया

रतनपुर थाना क्षेत्र में रातों रात डीजल चोरी करने पहुंचे कार में

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

कार में सवार अज्ञात लोगों को ग्रामीणों ने दौड़ाया भागते हुए चोर कार को खैरखुंडी गांव में घुसा दिया जहा कार खेत में फंस गई और चोर भाग निकले जिसकी सूचना थाने में दी। रतनपुर थाना क्षेत्र के फोर लेन से लगे ग्राम खैरखुंडी में बीती रात सड़क किनारे खड़े ट्रको से कार नंबर सीपी 16 सीजी 8249 में सवार होकर चार लोग पहुंचे जो सड़क किनारे खड़े गाड़ियों से डीजल निकालने का प्रयास कर रहे थे। तभी ट्रक के ड्राइवरों को इसकी भनक लग गई। जिन्होंने बगल गांव खैरखुंडी में अपने परिचित को जानकारी दी। जिसके बाद गांव से लग भाग दो दर्जन युवकों ने हाथ में डंडा लेकर पहुंचे। जहां युवाओं ने देखा खड़ी ट्रक, गाड़ी से डीजल चोरी कर रहे थे। ग्रामीणों को




देख चोरी कर रहे चोर भागने लगे जिसे गांव के युवाओं ने चोरों को दौड़ाया अज्ञात चोरों ने गांव में ही अपनी कार घुसा दिया और गांव के आगे का रास्ता नहीं मिलने पर गाड़ी को गांव के बाहर ही खेत के पास छोड़कर मौके से भाग निकले। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कार की तलाशी ली जिसमे से 14 नग बड़ा डिब्बा और वाहनों से डीजल टैंक को तोड़ने वाला औजार भी मिला। वही कार सवार अज्ञात चोर अपने कार के नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर नंबर को भी बदल दिए थे जो गाड़ी के अंदर मिले कागजात से पता चला। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना रतनपुर थाने में दी मौके पर पहुंची पुलिस कार को अपने कब्जे में लेकर आगे की जांच में जुट गई है।

# स्कूलों का होगा औचक निरीक्षण, बिना सूचना अनुपस्थिति पर होगी सख्त कार्यवाही-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा और ट्राइबल डिपार्टमेंट की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों विभाग बच्चों की शिक्षा से जुड़े हुए हैं। दोनों विभाग के अधिकारियों के जिम्मे बच्चों का भविष्य है। इसमें पूरे लगन और समर्पण के साथ काम होगा तभी सकारात्मक परिणाम दिखेंगे। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि स्कूलों में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए अभी से पूरे विभाग को जुटना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की स्कूल में समय से उपस्थिति, तय समय तक स्कूल में रहना तथा निर्धारित टाईम-टेबल के अनुसार अपने पीरियड्स लेना है। इसमें कोताही पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे जिले में टीम बनाकर स्कूलों की सघन जांच करें। जो शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाया जाता है उस पर सख्त कार्यवाही करें। लगातार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की रिपोर्ट मंगवाये और उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करें। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर सिन्हा ने छात्रावासों के संचालन पर ट्राईबल विभाग के अधिकारियों से छात्रावास के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने हॉस्टल में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि छात्रावासों में बच्चों को सुविधाजनक माहौल मिलना चाहिए। उन्होंने बच्चों के खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए कहा। कलेक्टर सिन्हा ने जिले के एकलव्य विद्यालयों के संचालन की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन विषयों में परिणाम अच्छे नहीं है, उन पर खास ध्यान दिया जाए। छात्रावासों को लेकर कही कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। कलेक्टर सिन्हा ने निर्माण कार्यों को भी जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, सहायक आयुक्त ट्राईबल बी.के.राजपूत, सहायक संचालक शिक्षा के.के.स्वर्णकार, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी सहित शिक्षा तथा ट्राईबल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बीईओ करेंगे मितान केन्द्रों की मॉनिटरिंग

कलेक्टर सिन्हा ने मितान केन्द्रों के संचालन पर भी बात की। उन्होंने सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में चल रहे मितान केन्द्रों में जरूरी किताबें व सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मितान केन्द्रों का प्राथमिक उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को एक अनुकूल माहौल उपलब्ध कराना है। इसके लिए वहां किताबें, मासिक पत्रिकाएं व अखबार अवश्य उपलब्ध हो। इसके साथ ही इंडोर गेम्स व इंटरनेट की व्यवस्था भी होनी चाहिए। प्रतियोगी परीक्षा के लिए शिक्षकों तथा अन्य एक्सपर्ट्स के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। कलेक्टर सिन्हा ने सभी मितान केन्द्रों व जिला लाईब्रेरी के व्यवस्थित संचालन के लिए एक जिला स्तरीय नोडल नियुक्त करने के निर्देश दिए तथा सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को उनके ब्लॉक के मितान केन्द्रों की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा।

### शेड्यूल बनाकर हॉस्टल में करवाएं पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की करें व्यवस्था

कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ ही कहा कि बच्चों को छात्रावासों में पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास अधीक्षक बच्चों की पढ़ाई पर भी फोकस करें। स्कूल के बाद हॉस्टल में शेड्यूल बना के पढ़ाई करवाएं। जिससे बच्चों में रीडिंग हैबिट बनेगी। जो आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों को नीट, जेईई जैसे कंपटीशन एग्जाम की तैयारी करवाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने वीडियो लेक्चर्स तैयार करवा कर हॉस्टल में दिखाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कोचिंग संस्थान से अनुबंध कर बच्चों की तैयारी करवाने के लिए कहा।

### 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत स्कूली बच्चों के बनवायें जाति प्रमाण-पत्र

*कलेक्टर सिन्हा ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण-पत्र निर्माण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान 2 अक्टूबर की तिथि में 18 वर्ष पूरा कर रहे छात्रों के नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए कहा। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम भी चलाने के निर्देश दिए।*

# छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक

अपराध पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता-अध्यक्ष केपी खाण्डे

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खाण्डे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय कार्यालयों में अजा वर्ग अधिकारी.कर्मचारियों के साथ होने वाले प्रताड़ना के प्रकरण पर जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा इस वर्ग के अधिकारी-कर्मचारी को समझाइश, चेतावनी और फिर कार्यवाही की प्रक्रिया का प्रावधान हेतु निर्देशित किया गया है। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खाण्डे ने बैठक में बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इस वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ ही इस वर्ग के साथ होने अन्याय पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना आयोग की प्राथमिकताओं में है। आयोग विशेष न्यायालय के रूप में कार्य करती है और आयोग की अनुशंसा को मानने की बाध्यता है। उन्होंने सभी विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य शासन द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ पात्र और जरूरतमंद हितग्राहियों को अवश्य प्रदान की जाए।

आयोग के अध्यक्ष ने अजाक पुलिस थाना में निर्धारित पदों पर पुलिस अधिकारियों की पदस्थापना और पीड़ित पक्ष द्वारा कार्यवाही हेतु दिए जाने वाले शिकायत पत्र के आधार पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिले में अनुसूचित वर्ग हेतु संचालित छात्रावास, आश्रमों तथा वहां रहने वाले बच्चों की संख्या की जानकारी लेते हुए योजनाओं का लाभ नियमानुसार उपलब्ध कराने को कहा।


अध्यक्ष श्री खाण्डे ने बैठक में कृषिए वनए शिक्षाए महिला एवं बाल विकास विभागए मत्स्यए स्वास्थ्यए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीए पशुपालनए उद्यानए श्रमए खाद्यए सहित अन्य विभागों की समीक्षा की उन्होंने अधिकारियों से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को विभाग में संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु सहयोग करने की अपील की।

बैठक में अनुसूचित आयोग के सदस्य श्री संतोष सारथीए एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्री अभिषेक सिंहए प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमरए जिला शिक्षाधिकारी श्री अजय मिश्राए जनप्रतिनिधि और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बच्चों में अनुशासन एवं अच्छे गुणों का विकास करने में अधीक्षकों की अहम भूमिका-कलेक्टर लंगेह

छात्रावास आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छात्रावास-आश्रम के अधीक्षकों की बैठक ली। उन्होनें छात्रावास-आश्रमों में अध्ययनरत बच्चों को आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देते हुए पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि बच्चों में अनुशासन एवं अच्छे गुणों का विकास करने में आपकी अहम भूमिका है।

बैठक मे कलेक्टर लंगेह ने अधीक्षकों से कहा कि छात्रावास-आश्रम में रहने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले या सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होनें जिन छात्रावास-आश्रमों में बाउण्ड्रीवाल है वहाॅ वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बच्चों की सुरक्षा हेतु वर्षा ऋतु को देखते हुए आकाशीय बिजली से बचने के लिए दामनी एप का उपयोग करने को कहा। इस दौरान उन्होनें अधीक्षकों से छात्रावास-आश्रम की समस्याओं को सुना तथा हर संभव निराकरण करने की बात कही। उन्होंने एकलव्य विद्यालय के शिक्षकों को कक्षा में पढ़ाई पर ध्यान देने तथा दैनिक जीवन से जोड़ कर पढ़ाने और नवाचार लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर लंगेह ने छात्रावास अधीक्षकों को उन्हें बेहतर अनुशासन के साथ.साथ सभी आधारभूत सुविधाएं पूरी कर्तव्यनिष्ठता से उपलब्ध कराने को कहा। उन्होनें कहा कि बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित करना, संस्था में साफ सुथरा रसोई घर, पौष्टिक भोजन, शौचालय की साफ-सफ ाई,, संस्था में बिजली.पानी का मितव्ययी उपयोग आदि पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके अलावा संस्था में उपलब्ध कैश बुक, उपस्थिति पंजी सहित अन्य सभी अभिलेखों का उचित संधारण करने के निर्देश दिये। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुण्ठपुर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अंकिता सोम ने छात्रावास-अधीक्षकों से छात्रावा-आश्रम के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होनें छात्रावास-आश्रम में चल रहे निर्माण कार्यो की जानकारी देते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।



यूपीएससी तैयारी के लिए शेड्यूल बनाकर करें नियमित पढ़ाई

# आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ परीक्षा दी जाए तो सफलता निश्चित-सहायक कलेक्टर युवराज मरमट

## *प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर युवाओं के प्रश्नों का सहायक कलेक्टर ने दिया जवाब*


जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में प्रति सप्ताह शुक्रवार को जिला ग्रंथालय के सभाकक्ष में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए कैरियर गाइडेंस सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है।





### जिला ग्रन्थालय में आयोजित हुआ कैरियर गाइडेंस सेमीनार



जिसमें जिले में पदस्थ आईएएस, आईपीएसी अधिकारी उनके बीच पहुंच रहे है और उन्हें सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी कड़ी में आज सहायक कलेक्टर के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी युवराज मरमट प्रतिभागियों के बीच उपस्थित रहे। सहायक कलेक्टर युवराज मरमट ने कहा कि किसी भी तरह की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करता है कि उसकी तैयारी आप कितनी गंभीरता से कर रहे है। पूरी तैयारी से आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ परीक्षा दी जाए तो सफलता निश्चित ही मिलती है। अपनी रुचि के मुताबिक विषयों का चयन करें। इसके अलावा सामान्य ज्ञान व परीक्षा के लिए चुने विषय का गहराई से और एकाग्रता के साथ अध्ययन करें। आज के दौर में काम्पीटिशन ज्यादा बढ़ गया है और आगे बढ़ते ही जाना है। इसके लिए आपकी तैयारी का स्तर भी वैसा ही होना चाहिए। सहायक कलेक्टर मरमट ने प्रतिभागियों को बताया कि सबसे पहले जिस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे है उसके बारे में सभी छोटी-बड़ी जानकारी एकत्रित करें, जिससे आपको परीक्षा की तैयारी में आसानी होगी, जैसे कि परीक्षा कब होना है, क्या नेगेटिव मार्किंग होगी, लास्ट टाइम के परीक्षा में कट ऑफ मार्क्स कहां तक गए थे। संबंधित प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्न किस लेवल के पूछे जाते है। कितने प्रश्न आते है और आपके पास उन्हें हल करने के लिए कितना टाईम होता है। हर प्रतियोगी परीक्षा की एक रूपरेखा होती है उस परीक्षा में कुछ निर्धारित विषयों से जुड़े प्रश्न ही पूछे जाते है। इस दौरान सेमीनार में आए युवाओं के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर मन में उठ रहे प्रश्नों के जवाब भी उन्होंने बेहद सरल अंदाज में दिए। इस अवसर पर केन्द्र समन्वयक मनोज पटेल, लाईब्रेरियन अशोक पटेल सहित लाईब्रेरी के अन्य स्टॉफ एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए थे।

### नियमित रूप से करें पढ़ाई

*यूपीएससी परीक्षा के लिए शेड्यूल बनाकर रेगुलर पढ़ाई करना जरूरी है। भले ही आप प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ाई का प्लान कर रहे लेकिन रेगुलर रूप से पढ़े, ऐसा न करे की दो-चार दिन जोश-जोश में पढ़ाई की और फिर दो-चार दिन का गेप हो जाए। ऐसे में आपने जो पहले पढ़ाई की थी वह बेकार हो जाएगी। यदि कभी ऐसा समय आता है कि किसी कारण से कम पढ़ाई हुई हो तो उसे दूसरे दिन कवर करें। साथ ही करेंट अफेयर्स जरूर पढ़े, आंसर राईटिंग की प्रेक्टिस करें एवं नोटस बनाकर पढ़े।*

# जनपद पंचायत कुसमी के ग्राम पंचायत भगवानपुर में फिर सरपंच - सचिव ने मिलकर किया लाखों रुपए का गबन

जोहार छत्तीसगढ़ – कुसमी।







जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर में सरपंच सचिव द्वारा लगातार भ्रष्टाचार का तांडव खुलेआम मचाया जा रहा है, सचिव के द्वारा पंचायत अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए लाखों रुपए का हेरा फेरी अनवरत किया जा रहा है।जहां पूर्व में भी ग्रामीणों के द्वारा सचिव एवं सरपंच के कार्य शैली पर सवालिया निशान लगाते हुए उन पर लाखों रुपए गबन का आरोप लगाया गया है ,दोनो के मिली भगत एवम कुछ अधिकारी के साठ गांठ के कारण दोनो ने बिना निर्माण कार्य किए अपने चहेतो एवं सचिव अपने पत्नी के खाते में लाखों रुपए का आहरण किया है, जिसकी जांच टीम भी बनी जनपद पंचायत कुसमी द्वारा जांच भी कराया गया जांच में सचिव एवं सरपंच दोषी भी पाए गए किंतु आखिर किस कारण से आज दिनांक तक सरपंच एवं सचिव के खिलाफ ना तो वसूली की कार्यवाही की जा रही है ना तो सचिव के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। इस विषय वस्तु को गंभीरतापूर्वक लेते हुए कई जिले के सवांददाताओ द्वारा अपने अखबार में इस विषय को प्रमुखता के साथ प्रकाशित भी कर चुके हैं,लेकिन आज तक जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

अभी अभी ताजा मामला ग्राम पंचायत भगवानपुर का यह सामने आया कि 15 वा वित्त मद वर्ष 2023-24 में सरपंच एवं सचिव के द्वारा बाउचर क्रमांक XVFC/2023-23/P/1/कार्य कोड 79214236 वाउचर दिनांक -27/06/23 के तहत सामुदायिक पशु आश्रय निर्माण कार्य के नाम पर 15000.00( पन्द्रह हजार ) रुपए ,वाउचर क्रमांक - XVFC/2023-24/P/2 कार्य कोड 79212480 वाउचर दिनांक -27/06/2023 के तहत अमृत सरोवर जीर्णोधार कार्य बास तालाब के नाम पर 25000.00(पच्चीस हजार) क्रमश- वाउचर क्रमांक XVFC/2023-24/P/3 कार्य कोड 79211881 वाउचर दिनांक 27/06/2023 के तहत गोठान के पास ढोढी निर्माण कार्य के नाम पर 48000.00(अड़तालिस हजार ) रुपए एवम वाउचर क्रमांक XVFC/2023-24/P/4 कार्य कोड 79211881 वाउचर दिनांक-27/06/2023 के तहत ढोढ़ी निर्माण कार्य गुड़ा कोना में, के नाम पर 52000.00(बावन हजार रुपए ) का आहरण किया गया कुल मिलाकर ?140000.00(एक लाख चालीस हजार रुपए ) का आहरण किया गया । ये पूरा का पूरा आहरण ग्राम पंचायत श्रीकोट निवासी भगतू राम बुनकर के खाते में किया गया। इस संबंध में जब भगतु राम निवासी ग्राम श्रीकोट से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा यह बताया गया कि सचिव तिलीम साय के द्वारा मुझे विगत कई माह से पैसे के लिए टालमटोल किया जा रहा था ,मेरे द्वारा सामुदायिक पशु आश्रय का ही निर्माण कार्य कराया गया है जिसका पैसा ?15000 होता है। बाकी शेष पैसा सचिव मेरे खाते में डलवाया ...इसके बाद बचा पैसा को अपने खाते में तत्काल मेरे से फोन पे के माध्यम से आहरित करवा लिया।

जानकारी हेतु बता दें कि सचिव के द्वारा पूर्व में भी पंचायत भवन जीर्णोद्धार के नाम पर अपनी पत्नी के खाते में ?120000.00(एक लाख बीस हजार रुपए ) की राशि का आहरण फर्जी बिल वाउचर के आधार पर कराया जा चुका है जिसकी जांच रिपोर्ट भी आ चुकी , विभाग के द्वारा जांच प्रतिवेदन भी बनाकर अपने उच्च को प्रेषित भी किया जा चुका हैद्य भगतू राम ने बताया कि मुझे जीएसटी नंबर इन सब के बारे में कुछ पता नहीं है सचिव से मुझे ?15000 लेना था उसने यह बोला कि बाकी पैसा भी मैं तुम्हारे खाते में डलवा दे रहा हूं तुम मुझे निकाल कर दे देना , मेरे द्वारा इमानदारी पूर्वक सचिव के कहे अनुसार अपना पैसा रख कर बाकी सचिव को पैसा ट्रांसफर कर दिया गया, मेरे पास मात्र पेनकार्ड है और किसी प्रकार का कोई जीएसटी नंबर नहीं है। इससे अंदेशा लगाया जा सकता है कि बिना जीएसटी प्रमाण पत्र धारक व्यक्ति के नाम पर उस व्यक्ति को अंधेरे में रख कर पूर्ण रूप से फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण अपने निजी लाभ के लिए कराया गया और आहरित राशि में से कुछ राशि छोड़कर बाकी राशि का आहरण अपने खाते में करवाया ...आखिर इससे

* राशि का आहरण तो किया गया है इसका जानकारी तो है लेकिन उसी पैसा को भगतू राम को दिया गया था और भगतू राम सचिव के खाते में पैसा डाला है इसका जानकारी मेरे को नहीं है।

**सरपंच ग्राम पंचायत भगवानपुर**

* पैसा भगतु राम के खाता में डलवाया हूं ,और पूरा का पूरा पैसा थोड़ी ना अपने खाता में डलवाया हूं।

**सचिव ग्राम पंचायत भगवानपुर**

* आप मुझे थोड़ा लिख कर दीजिए, मैं गंभीरता से इसे दिखवाता हूं! थोड़ा सा मीटिंग में हूं मीटिंग से निकलने के बाद संपर्क करूंगा ।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी**

* पहले जो शिकायत किया गया था उसका जांच प्रतिवेदन मेरे पास आ गया है, नियमानुसार सचिव एवं सरपंच के ऊपर कार्यवाही की जाएगी। अभी आप यह जो नया मामला बता रहे हैं, इसका भी मैं जांच करवाती हूं।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलरामपुर**

अधिक शासन प्रशासन को क्या प्रमाण चाहिए आखिर क्या मजबूरी है जिला पंचायत के अधिकारियों की कि वे इतने तमाम सबूतों के बावजूद भी भ्रष्ट सचिव एवं सरपंच पर किसी प्रकार का कोई भी शासन के नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही नहीं कर रहे हैं ???कार्यवाही ना होने के कारण सचिव के हौसले बुलंद हैं। यदि नियम की बात करें तो इन आहरित राशियों का ना तो ग्राम पंचायत के द्वारा तकनीकी स्वीकृति ली गई, ना तो तकनीकी अधिकारी के द्वारा इसका मूल्यांकन कराया गया ,ना तो मूल्यांकन का सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग से कराया गया है कुल मिलाकर पूर्ण रूप से फर्जी दस्तावेज के आधार पर बिना निर्माण कार्य कराए जाने का प्रचलन ग्राम पंचायत भगवानपुर में शुरू से सचिव तिलीम साय के द्वारा किया जा रहा है, प्रशासनिक अधिकारियों के लगाम न लगाने के कारण सचिव के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद नजर आते जा रहे हैं।

## एक नजर

### डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक 19 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।

मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला पुनरीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर संजीव झा की अध्यक्षता में 19 जुलाई 2023 को शाम 4 बजे आयोजित की जाएगी। कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चाए पीएमईजीपी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर चर्चा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाए सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजनाए जन-धन योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन बैंक शाखा स्थापना एवं पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

### दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा में टॉप टेन विद्यार्थियों को दुपहिया क्रय हेतु मिलेगी राशि

* मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत दी जाएगी राशि

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।

छ.ग. भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना 10 जुलाई 2023 से जारी संशोधित अधिसूचना अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवी की प्रदेश स्तरीय परीक्षा में मेंरिट के टॉप टेन में आने वाले छात्र एवं छात्राओं हेतु प्रोत्साहन राशि 1 लाख के अतिरिक्त 1 लाख रुपए दुपहिया वाहन क्रय किए जाने हेतु अनुदान राशि देय होगा। यह राशि प्रदेश स्तरीय परीक्षा में केवल मेरिट में प्रथम दस में आने वाले छात्र-छात्राओं को देय होगा। मंडल में 90 दिवस पूर्व पंजीयन होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदन के साथ कक्षा दसवीं अथवा बारहवी के मेरिट में प्रथम 10 में आने का माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी प्रमाण पत्र तथा दुपहिया वाहन अनुदान हेतु आर.सी. बुक-कार्ड एवं छात्र-छात्रा का लर्निंग लाइसेंस के साथ आवेदन किया जाना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु पात्रता ऐसे महिला श्रमिक जो भवन निर्माण, सड़क निर्माण कार्य में चाहे वह शासन-प्राईवेट कार्य हो जिसमें 90 दिन कार्य किया हो ऐसे श्रमिक जैसे रेजा, कुली, राजमिस्त्री, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर, कारपेंटर, पत्थर काटने वाले, फिटर या बेंडर, मैकेनिक, कुँए खोदने वाले, वेल्डिंग करने वाले, मुख्य मजदूर, स्प्रेमैन, लोहार, मिश्रण करने वाले, पंप आपरेटर, रोलर चालक, निर्माण कार्य में चौकीदार या सिक्योरिटी गार्ड, चट्टान तोड़ने वाले, बांध पुल निर्माण में लगे मजदूर, ईठ भट्ठा निर्माण मे लगे मजदूर इत्यादि का कार्य करते हो आधार कार्ड, बैंक पास बुक, राशन कार्ड, ठेकेदार का प्रमाण पत्र के साथ आवेदन किसी भी च्वाईस सेन्टर मे 30 रूदेकर या स्वयं श्रमेव जयते मोबाइल ऐप के माध्यम से उपरोक्त आवेदन कर सकते हैं।

### प्राथमिक शाला कुकरीखोर्रो के स्कूल मरम्मत हेतु 4.96 लाख रुपये की दी जा चुकी है स्वीकृति

* दूसरी बार टेंडर हुआ है जारी, निविदा पूर्ण कर शीघ्र शुरू किया जाएगा कार्य

* एक अतिरिक्त शिक्षक की भी की गई है व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जिले के स्कूलों में मरम्मत कार्य के राशि प्राप्त हुई है। जिसके तहत कई स्कूलों का मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष बचे कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विकासखण्ड के प्राथ.शाला कुकरींखोरों के बारे में जानकारी देते हुए बीईओ धरमजयगढ़ ने बताया कि प्राथ.शाला कुकरींखोरों (सिथरा) के स्कूल में मरम्मत कार्य हेतु 4.96 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसका कार्य एजेंसी अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा धरमजयगढ़ को नियुक्त किया गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा निविदा प्रक्रियाधीन है। पूर्व में टेंडर जारी किया गया था, जिसमें किसी की निविदा प्राप्त नहीं हुई थी। जिसके पश्चात पुन: टेंडर किया गया है। कार्यवाही पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। इसी प्रकार शिक्षक की व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान में कलशिया तिर्की स.शि.एल.बी.प्राथ.शाला सिथरा को अध्यापन व्यवस्था के तहत प्रा.शा.कुकरीखोर्रो में की गई है एवं निर्माण कार्य के लिए सचिव तथा ग्रामवासी से चर्चा कर पंचायत मद से भी निर्माण कार्य के लिए राशि प्रदाय करने हेतु सहमति दी गई है।

# क्रांति सेना का चुनाव में छत्तीसगढ़िया प्रत्याशी मांग के साथ ही संगठन विस्तार भी जोरों पर

तखतपुर क्षेत्र में 56 महिलाओं ने थामा संगठन का दामन

जोहार छत्तीसगढ़– मस्तुरी।



छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना संगठन द्वारा विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़िया उम्मीदवार को ही को चुनाव में सहयोग करने के घोषणा के बीच संगठन विस्तार का भी कार्यक्रम जोरो पर है। 3 दिन पहले मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र 92 महिलाओं के प्रवेश करने के बाद आज तखतपुर क्षेत्र में भी क्रांति सेना का संगठन विस्तार कार्यक्रम हुआ जिसमे करीब 56 महिलाओं ने संगठन के उद्देश्य को जानकार सदस्यता लिया। साथ ही अनेक लोगों को संगठन में पदाधिकारी भी नियुक्त किया गया। जिसमे आरती पटेल को महिला तखतपुर खड़ अध्यक्ष,संजू भोयरा को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना तखतपुर खड़ उपाध्यक्ष,युवा महिला क्रांति सेना अध्यक्ष शारदा बाई को जिमेदारी दी गई। संगठन विस्तार कार्यक्रम में पहुंचे जिला अध्यक्ष कृष्णा कौशिक ने बताया कि हमारे संगठन विस्तार कार्यक्रम सभी विधानसभा में द्रुत गति से चल रहा है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा छत्तीसगढ़ीयो के रोजगार,भाषा,संस्कृति,अस्मिता के लिए पिछले एक दशक से कार्य किया जा रहा है। माना जाता है की एक ये प्रदेश का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है जिसकी सदस्यता संख्या लाखों में है। इस कार्यक्रम में क्रांति सेना खड़ अध्यक्ष बलराम साहू, शहर अध्यक्ष कृतग पटेल, कोषाध्यक्ष संजय कौशिक,सचिव निहालदास समेत करीब 60 लोगों की उपस्थिति रही।

# रीपा योजना ने दिखाई समूह की दीदियों को आत्मनिर्भरता की राह

* रीपा में तैयार हो रही स्टेशनरी सामग्री

जोहार छत्तीसगढ़– एमसीबी।



प्रदेश सरकार महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा, के माध्यम से राज्य के महिलाओं और युवाओं को रोजगार के साथ ही उद्यमियों को अवसर देने का काम कर रही है। शासन के इन प्रयासों से लोग आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। रीपा में स्थानीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका मूलक गतिविधियों से पर्याप्त रोजगार भी सृजित हो रहे हैं। एमसीबी जिले के परसगढ़ी ग्राम के रीपा में काम करने वाली दीदियां स्टेशनरी सामग्री बनाने का काम कर रही हैं। रीपा में स्टेशनरी.प्रिंट यूनिट स्थापित की गई है जिसमें शिव महिला स्व.सहायता समूह ग्राम सांकरा के 10 दीदियां कार्यरत हैं। समूह की अध्यक्ष रनिया सिंह ने बताया कि वे विभिन्न स्टेशनरी उत्पाद जैसे कॉपी, रजिस्टर, डायरी और फाईल पेड बना रहे हैं। रीपा में तैयार उत्पाद को सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों, स्कूल, शाला आश्रमों में मांग अनुसार उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होने बताया कि हम लोगों ने लगभग 250 नग कॉपी और 250 नग फाइल पेड तैयार कर लिया है। कार्य निरंतर जारी है। समिति की सचिव सुमित्रा सिंह ने बताया कि यह यूनिट हाल ही में स्थापित की गई है। इसलिए वे इसकी मार्केटिंग भी कर रहे हैं।



ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिले जिससे उन्हें ज्यादा से ज़्यादा आर्डर मिल सकें। उनके प्रयासों से स्थानीय बाजार एवं कार्यालयों से अच्छा प्रतिसाद मिला है और उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर भी सराहना हुई है। समिति के सदस्यों का कहना है कि रीपा के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है। समूह के सदस्यों ने इस पहल के लिए राज्य सरकार का आभार भी व्यक्त किया।

# कोसगाई दाई मछुआ सहकारी समिति के सदस्य

* मछली पालन व्यवसाय से उन्नति की राह पर हो रहे अग्रसर

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।



**मत्स्य पालन से जुड़कर समिति के सदस्यों की आर्थिक स्थिति हो रही मजबूत अध्यक्ष आत्माराम**



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ उठाकर मछली पालन का कार्य करने वाले मछुआ सहकारी समिति के सदस्य आर्थिक संपन्नता की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वे स्वयं तो आत्मनिर्भर हो रहे हैं, साथ ही अन्य लोगों को भी इस कार्य से रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम छुरीकला के कोसगाई दाई मछुआ सहकारी समिति द्वारा विभागीय योजनाओं से जुड़कर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मछली पालन को अपने आय का प्रमुख जरिया बनाया। जिसमें न केवल उन्होंने सफलता प्राप्त की है बल्कि अब वे अपने इस काम को नई ऊंचाईयां दे रही है। समिति के सदस्यों द्वारा कृषि कार्य के साथ-साथ मछली पालन का व्ययसाय भी किया जा रहा है। उन्हें मछली पालन विभाग द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देकर मछली पालन के लिए प्रेरित किया गया। जिससे समिति के सदस्य इस कार्य में संलग्न होकर छुरी के भेलवाडबरा सिंचाई जलाशय को पट्टे पर लेकर मत्स्य पालन का कार्य प्रारंभ किया। समिति द्वारा जलाशय में रोहू, कतलाए, मृगल, ग्रासकार्प जैसे अन्य मछली बीज का संचयन किया गया है। समिति के अध्यक्ष आत्माराम केंवट ने जानकारी देते हुए बताया कि मत्स्य पालन कार्य से जुड़कर समिति के सदस्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इससे उन्हें आमदनी का अतिरिक्त साधन प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा उन्हें योजना के तहत 3 लाख का अनुदान एवं सहायक सामग्री के रूप में मत्स्य बीज अंगुलिका, चटजाल, आईस बॉक्स इत्यादि सामग्री भी उपलब्ध कराया गया है। साथ ही उन्हें समय-समय पर आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। समिति के सदस्य मत्स्य बीज एवं जाल पाकर काफ ी उत्साहित हुए तथा मत्स्य पालन के प्रति रूचि लेने लगे। जिसका सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहा है। समिति द्वारा अपने दैनिक कामकाज करने के साथ-साथ मत्स्य पालन का भी कार्य भी जिम्मेदारी पूर्वक कर रहे हैं। उनके द्वारा जलाशय की आवश्यक साफ सफाई, मछलियों की देख-रेख, उन्हें मत्स्य आहार देना के साथ ही नियमित रूप से जलाशय की रख रखाव का कार्य किया जा रहा है। आत्माराम ने बताया कि योजना से जुड़कर अब तक 3000 किलोग्राम मत्स्य उत्पादन किया है जिसके विक्रय से उन्हें 3 लाख से अधिक की आमदनी हुई है। कोसगाई दाई मछुआ सहकारी समिति के सभी सदस्यों ने नियमित रूप से मछली पालन से जोड़कर रोजगार दिलाने एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को किया जाएगा प्रोत्साहित- कलेक्टर

कलेक्टर ने किया ई-लाइब्रेरी और खेल अकादमी का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।



**विद्यार्थियों, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के दिए निर्देश**

कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज डिंगापुर स्थित ई-लाइब्रेरी भवन और खेल अकादमी परिसर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अध्ययन का माहौल और सुविधाएं उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर ने ई-लाइब्रेरी में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु ई-लाइब्रेरी का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यहां रीडिंग रूम, पुस्तकालय कक्ष, सभा कक्ष, श्रव्य दृश्य कक्ष, समूह चर्चा कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए यहां अध्ययन हेतु सुविधाजनक वातावरण विकसित करने के निर्देश देते हुए ई-लाइब्रेरी में पुस्तकों के रख-रखाव और अध्ययन कक्ष को अलग-अलग रखने और साफ-सफाई तथा पेयजल व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में संचालित भारतीय खेल अकादमी, साई अंतर्गत संचालित हॉस्टल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के आवासीय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, जिम, बैडमिंटन कोर्ट, शौचालयों आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वार्डन और कोच हेतु उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से यहां सीसीटीवी का निरंतर संचालन करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने कहा कि जिले के विद्यार्थियों को ई-लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध होंगी। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु महत्वपूर्ण किताबें, अखबार उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा ई-लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थी आवश्यकतानुसार जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ई-लाइब्रेरी में अध्ययन हेतु आने वाले विद्यार्थियों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। इसी तरह खेल अकादमी परिसर के माध्यम से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर ने निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय और अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



## चिरंजीवी के जम जम जज्जनका गाने ने इंटरनेट पर मचाया धमाल!




भोला शंकर मेहर रमेश द्वारा निर्देशित और प्रसिद्ध मेगास्टार चिरंजीवी द्वारा अभिनीत नवीनतम सामूहिक एक्शन मनोरंजन फिल्म है। फिल्म में तमन्ना भाटिया प्रमुख महिला के रूप में हैं, जबकि कीर्ति सुरेश मेगास्टार की बहन की भूमिका निभा रही हैं। महथी स्वरसागर ने इस फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है, जिसे एके एंटरटेनमेंट्स बैनर के तहत अनिल सुनकारा द्वारा निर्मित किया जा रहा है। भोला शंकर का फर्स्ट लुक टीज़र और पहला गाना पहले ही रिलीज़ हो चुका है, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। हाल ही में, जाम जम जज्जनका नामक दूसरा गीत जारी किया गया था।

## कोहरा के कारण पंजाबी कल्चर के करीब आईः हरलीन सेठी



एक्ट्रेस हरलीन सेठी अपने स्ट्रीमिंग शो 'कोहरा' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। नेटफ्लिक्स शो के लिए उन्हें साइन किया गया, और इसकी एक दिल को छू लेने वाली कहानी है। उन्होंने खुलासा किया कि कैसे 'कोहरा' में उनका किरदार निमरत उन्हीं का एक हिस्सा है। हरलीन ने एक छोटा सा वीडियो साझा किया और इसके साथ एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, निमरत मेरा ही हिस्सा है। मैं एक बच्चे की तरह हमेशा से पंजाबी कल्चर से दूर भागती रही।

मैं इसी शहर में पैदा हई और पला-बढ़ी, जिसे काफी कूल माना जाता है, लेकिन 'कोहरा' मिलने के बाद मेरी जिदंगी को एक नई दिशा मिली। हरलीन ने आगे कहा, फिल्मांकन शुरू करने से पहले, एक वर्कशॉप के बाद मैंने सुदीप सर से पूछा कि क्या मैं अपने हाथ पर गुरुमुखी में 'निर्भाऊ निरवैर' लिखवा सकती हूं। अब मैं कुछ ऐसा चाहती थी, जो मेरे साथ मेरे मरते दम तक रहे। आज मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं कौन हूं और कहां से आयी हूं। मैं अपने कल्चर को साथ लेकर आगे बढ़ने का इरादा रखती हूं। वह 'गॉन गेम सीजन 2', 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' और 'काठमांडू कनेक्शन' में अपनी एक्टिंग से काफी खुश है।

## बार्बी गर्ल बनीं अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर लगाया ग्लैमरस का तड़का



टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी ग्लैमरस और बोल्ड फोटोज शेयर कर फैंस को दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से चर्चाओं का विषय बन जाता है। एक्ट्रेस ने 20 साल की उम्र में अपने ग्लैमर का लोगों के बीच ऐसा तड़का लगाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में उनके लेटेस्ट लुक ने एक बार फिर से तबाही मचा दी है।

*अनुष्का सेन टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस में से एक हैं। उनका हर एक स्टाइल को फैंस बखूबी फॉलो करते हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने पिंक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। अभिनेत्री अपने इस आउटलुक में बेहद ही प्यारी बार्बी डॉल जैसी नजर आ रही हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा अच्छे से निखारा है। एक्ट्रेस ने अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक ग्लैमरस अंदाज में पोज दिए हैं। बता दें कि अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।*

## वैष्णवी चैतन्य की पहली फिल्म बेबी का सफर शुरू




यूट्यूबर, चरित्र कलाकार और सोशल मीडिया प्रभावकार के रूप में जानी जाने वाली वैष्णवी चैतन्य ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म बेबी के बारे में मीडिया से बात की। मास मूवी मेकर्स के बैनर तले एसकेएन द्वारा निर्मित और साई राजेश द्वारा निर्देशित, फिल्म में आनंद देवरकोंडा, वैष्णवी चैतन्य और विराज अश्विन हैं। फिल्म की रिलीज 14 जुलाई को होनी है और इसने विजय बुल्गानिन द्वारा रचित अपने सनसनीखेज गीतों और साई राजेश द्वारा लिखे गए प्रभावशाली संवादों के कारण पहले ही ध्यान आकर्षित कर लिया है।

बातचीत के दौरान, वैष्णवी चैतन्य ने खुद को एक यूट्यूबर और चरित्र कलाकार के रूप में पेश किया, और बेबी में मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह हीरोइन बनने की ख्वाहिश रखती थीं और इस इंडस्ट्री में आठ साल से थीं, उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें इतना बड़ा मौका मिलेगा। जब उन्होंने फिल्म की कहानी सुनी तो वह हैरान और अभिभूत हो गईं, उन्हें यकीन नहीं था कि उन्हें इस भूमिका के लिए चुना जाएगा। हालाँकि, साई राजेश को उस पर तब भी विश्वास था जब उसे खुद पर विश्वास नहीं था, और उसने इस अवसर को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ माना।

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का गाना व्हाट झुमका



बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक-निर्माता करण जौहर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने बुधवार (12 जुलाई) को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का दूसरा गाना व्हाट झुमका जारी कर दिया है, जिसमें रॉकी (रणवीर) और रानी (आलिया) साथ में जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर व्हाट झुमका गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, गिर जाए तो फिर ना कहना...झुमका गिरा रे। इस गाने को अरिजीत सिंह और जोनिता गांधी ने मिलकर गाया है, जबकि व्हाट झुमका के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।

## रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया का प्रोमो आया सामने, नोरा फतेही ने संभाली जज की कुर्सी



**बॉ**लीवुड अभिनेत्री, डांसर और मॉडल नोरा फतेही इन दिनों अपने आगामी रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह रेमो डिसूजा और दुष्ट सनी के साथ जज की कुर्सी संभालती नजर आएंगी। अब निर्माताओं ने हिप हॉप इंडिया का पहला प्रोमो वीडिया जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। हिप हॉप इंडिया का प्रीमियर 21 जुलाई से अमेजन मिनी टीवी पर किया जाएगा। नोरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह मौजूदा वक्त में कुणाल खेमू की फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में नोरा पहली बार मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जिसके लिए वो काफी उत्साहित भी हैं। फिल्म में नोरा के अलावा कुणाल, फरहान अख्तर, रितेश सिधवानी और अन्य कलाकार हैं। इसके अलावा नोरा फिल्म 100 प्रतिशत का हिस्सा हैं, जिसमें वह रितेश देशमुख और शहनाज गिल के साथ अभिनय करती दिखाई देंगी। शो का नेतृत्व करने वाले दोनों के साथ, वे दर्शकों की नए हिप हॉप रियलिटी शो की अत्यधिक उम्मीदों के साथ सभी उम्मीदें बढ़ाते हैं, प्रोमो विभिन्न प्रतियोगियों की गलियों से लेकर हिप हॉप इंडिया के गौरवशाली मंच तक की यात्रा को भी पूरी तरह से न्याय करते हुए सामने लाता है। इसकी टैगलाइन गली से ग्लोरी तक। प्रत्येक प्रतियोगी के पास एक अद्वितीय व्यक्तित्व होगा और वे जजों को प्रभावित करने के लिए अपनी कई शक्तिशाली नृत्य चालों का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को कल्पना और रचनात्मकता के साथ मिलाकर एक ताजा सड़क अवतार लाएंगे।

# खेल

## सिंधु और सेन US ओपन के क्वार्टर फाइनल में

### सिंधु ने युन और सेन ने जान को हराया; शंकर भी अगले राउंड में पहुंचे



सिंधु ने अपने दूसरे राउंड के मुकाबले में दुनिया की 30वें नंबर की चीनी ताइपे की खिलाड़ी सुंग शुओ युन को 21-14, 21-12 से हराया। भारत के लक्ष्य सेन US ओपन सुपर-300 बैडमिंटन चैम्पियनशिप में मेंस सिंगल्स के **क्वार्टर** फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं, पीवी सिंधु भी US ओपन के **क्वार्टर** फाइनल में पहुंच गई है। लक्ष्य ने इससे पहले कनाडा ओपन में खिताब जीता था। सिंधु उस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार गई थीं।

### सिंधु ने चीनी ताइपे की खिलाड़ी को हराया

कनाडा ओपन की सेमीफाइनलिस्ट सिंधु ने शुक्रवार को अपने दूसरे राउंड के मुकाबले में दुनिया की 30वें नंबर की चीनी ताइपे की खिलाड़ी सुंग शुओ युन को 21-14, 21-12 से हराया। सिंधु को मैच जीतने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। सिंधु क्वार्टर फाइनल में चीन की गाओ फांगजिए से भिड़ेंगी।




### लक्ष्य ने चेक गणराज्य के जान को मात दी

लक्ष्य सेन ने राउंड ऑफ 16 मुकाबले में चेक गणराज्य के जान लौडा को 21-8, 23-21 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में हमवतन शंकर मुथुसामी से भिड़ेंगे।

### शंकर मुथुसामी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

वहीं मेंस सिंगल्स के अन्य मैच में शंकर सुब्रमण्यम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने दूसरे मुकाबले में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन को 21-18, 21-23, 21-13 से शिकस्त दी।

### साई प्रणीत पहले दौर से ही बाहर

मेंस सिंगल्स में बी साई प्रणीत पहले दिन ही बाहर हो गए थे। प्रणीत को पहले दौर में वर्ल्ड नंबर सात खिलाड़ी चीन के लि शि फेंग से हार का सामना करना पड़ा था। एक घंटे 14 मिनट तक चले इस मैच में टूर्नामेंट के दूसरे सीड शि फेंग ने 16-21, 21-14, 21-19 से हराया।

प्रणीत ने पहला गेम जीत लिया था। उसके बाद लि शि फिंग ने वापसी की और दूसरा और तीसरा गेम जीतकर मैच को अपने पक्ष में कर लिया।

## यशस्वी बोले- डेब्यू सेंचुरी माता-पिता को समर्पित

### पिता कांवड़ यात्रा पर निकले, कहा- भोलेबाबा उसका दोहरा शतक भी पूरा करें



**डोमिनिका।** यशस्वी जायसवाल ने डेब्यू टेस्ट में अपनी सेंचुरी माता-पिता को डेडिकेट की। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद 21 साल के भारतीय ओपनर बोले, %काफी इमोशनल मोमेंट था मेरे लिए, मैं इसे अपने माता-पिता को डेडिकेट करना चाहूंगा। बैटिंग अब भी जारी है, डबल सेंचुरी का नहीं सोच रहा, टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने पर फोकस है। शतक के बाद यशस्वी के पिता भूपेंद्र जायसवाल कावड़ यात्रा करने निकल गए। उन्होंने कहा, भोलेबाबा से यही मांगूंगा कि बेटा मेरा दोहरा शतक मारे और उसकी (यशस्वी) मेहनत सफल हो।

सोशल मीडिया पर भदोही वाला नाम के यूजर ने यशस्वी के पिता का वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में यशस्वी के पिता भूपेंद्र जायसवाल कावड़ यात्रा पर जाते नजर आए। उन्होंने कहा, हमें बहुत खुशी हुई, भदोही जिला बहुत खुश है। मैं तो चाहता हूं कि बेटा मेरा दोहरा शतक मारे। भोलेबाबा से यही मांगूंगा कि बेटा मेरा दोहरा शतक मारे और उसकी (यशस्वी) मेहनत सफल हो।

### रोहित से क्या बातें हुईं

बैटिंग के वक्त रोहित भैया (रोहित शर्मा) के साथ काफी बात हुईं। गेम से पहले भी उन्होंने मुझे मोटिवेट किया कि ये पिच मेरे ही लिए है, मैं यहां रन बना सकता हूं। उसी हिसाब से मैं भी प्रिपेयर्ड था।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच डोमिनिका में पहला टेस्ट मैच 12 जुलाई से खेला जा रहा है। गुरुवार देर रात यशस्वी ने मैच के दूसरे दिन शतक लगाया। वह 143 रन बनाकर दिन का खेल खत्म होने तक नॉट आउट रहे। खेल खत्म होने के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए।

भारत-वेस्टइंडीज पहला टेस्ट...

## दूसरे दिन स्टंप तक भारत का स्कोर 312/2:विंडीज पर 162 रनों की बढ़त, यशस्वी-कोहली नाबाद लौटे




भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल आज शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत का स्कोर 312/2 रहा। भारत ने पहले टेस्ट की पहली पारी में वेस्टइंडीज पर 162 रनों की बढ़त हासिल कर ली है।

दूसरे दिन डेब्यू मैच में शतक जमाने वाले यशस्वी जायसवाल 143 और विराट कोहली 36 रन पर नाबाद लौटे। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 72 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है।

उनसे पहले कप्तान रोहित शर्मा 103 और शुभमन गिल 6 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज से डेब्यूटांट एलीक एथनाज और जोमेल वारिकन को एक-एक विकेट मिला।

टीम को पहला झटका रोहित के रूप में लगा। एथनाज की गुड लेंथ बॉल को रोहित ने आगे आकर पंच किया, जिसे विकेटकीपर डा सिल्वा ने इसे कैच कर लिया। एथनाज को डेब्यू मैच में पहला विकेट मिला।

वेस्टइंडीज को दूसरा विकेट वारिकन ने दिलाया। वारिकन की गेंद पर गिल 6 रन बनाकर आउट हुए।

भारतीय टीम ने मैच के दूसरे दिन गुरुवार को अपनी पहली पारी को 80 रन से आगे बढ़ाया। 30 रन के निजी स्कोर पर खेलने उतरे रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 73 रन जोड़े और टेस्ट करियर का 10वां शतक जमाया। टेस्ट में ओपनिंग करते हुए उनकी यह 7वीं सेंचुरी है। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उनके 44वां इंटरनेशनल शतक हो चुके हैं।

### एक नजर

## भारतीय ओपनर्स की वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी पार्टनरशिप

### रोहित-यशस्वी ने 229 रन बनाए, पहली बार बिना विकेट गंवाए लीड ली: 10 रिकॉर्ड्स




रोहित- यशस्वी की ओपनिंग पार्टनरशिप
रन 229 | गेंद 454

भारत-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला डोमिनिका के विंडसर पार्क मैदान पर खेला जा रहा है। मुकाबले का दूसरा दिन भारतीय ओपनर्स के नाम रहा। कप्तान रोहित शर्मा और डेब्यू टेस्ट खेल रहे यशस्वी जायसवाल ने 229 रन की रिकॉर्ड ओपनिंग पार्टनरशिप की। दोनों ओपनर्स ने अपने-अपने शतक भी पूरे किए।

कप्तान रोहित और जायसवाल की पारियों ने कई रिकॉर्ड्स बनाए। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब भारतीय टीम ने बिना विकेट गंवाए पहली पारी में लीड हासिल की।

### 1. वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप

रोहित-जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड भी तोड़ा। यह रिकॉर्ड संजय बांगर और वीरेंद्र सहवाग (201 रन) ने 2002 में बनाया था।

### 2. वेस्टइंडीज में सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप

रोहित-जायसवाल की जोड़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वेस्टइंडीज में सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप (159 रन) का रिकॉर्ड भी तोड़ा। यह रिकॉर्ड वसीम जाफर और वीरेंद्र सहवाग के नाम दर्ज था। यशस्वी और रोहित ने 229 रन जोड़े।

## विवादों में कुश्ती टीम का सिलेक्शन प्रोसेस

### धरना देने वाले पहलवानों को ओपन ट्रायल से छूट, बतौर स्टैंडबाय एशियन गेम्स स्क्वॉड में आएंगे

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स सिर पर हैं और भारतीय कुश्ती विवादों से बाहर नहीं आ पा रही है। ताजा मामला एशियन गेम्स के लिए होने वाले ओपन ट्रायल को लेकर है। दिल्ली के केडी जाधव इंडोर स्टेडियम लिए 22 और 23 जुलाई को अलग-अलग वेट कैटेगरी के पहलवानों का ओपन ट्रायल होना है। आम तौर पर इस तरह के ट्रायल के विनर्स को गेम्स का टिकट मिल जाता है। हालांकि, इस बार ऐसा नहीं है। ओपन ट्रायल में जीत हासिल करने के बावजूद पहलवानों को यह जानने के लिए इंतजार करना होगा कि वे एशियन गेम्स में हिस्सा ले पाएंगे या नहीं। भारतीय कुश्ती संघ को इस समय ऑपरेट कर रही एडहॉक कमेटी ने खेल मंत्रालय के निर्देश के अनुसार धरना-प्रदर्शन में शामिल 6 पहलवानों को इस ट्रायल से छूट दे दी है।

# सड़क दुर्घटना में मौत के बाद अव्यवस्था व मांगो का सौंपा ज्ञापन

## निर्मित बाई-पास सड़क चालू करने की मांग, आंदोलन की तैयारी

जोहार छत्तीसगढ़ - कुसमी।







अपनी मांगो का आवाज बुलंद करते हुवें कुसमी नगरवासी एक राय होकर जब सभी पैदल मर्च करते हुवें ज्ञापन सौपने एसडीएम कार्यालय के लिए निकले तक सभी के दिलो दिमाग् में एक ही विचार उत्पन्न हों रहीं थीं की ना कोई पालिटीक्स न कोई पार्टी हम कुसमी के हैं कुसमी हमारा हैं. इस बात का ख्याल रख कर सभी दलों के कुसमी नगरवासी मनभेद को भूल एक साथ नजर आये. जिससे निश्चित ही एक नया संदेश प्रचारित हों रहा हैं. की शासन ङ्क प्रशासन की लापरवाह रवैये व कुसमी की अव्यवस्थाओ को दूर करने सभी कुसमी वासी एक हैं।

हालांकि वर्षों बाद पार्टी पालिटिक्स से दूर होकर कुसमी नगर वासियों को अपनी मांगो के लिए एक साथ नजर आने की वजह बनी की वर्षों से हिंडालको इंडस्ट्रीज द्वारा जारी राशि से लोक निर्माण विभाग द्वारा कई वर्ष बीत जाने बाद भी बाई ङ्क पास सड़क निर्माण को सार्थक रूप नहीं दिया गया. तकनिकी त्रुटियों व बिना प्लानिंग के सड़क का निर्माण कर लाखों रूपयो का बंदरबाट किया जाना ही एक मात्र उद्देश्य नजर आ रहा हैं. बाई ङ्क पास सड़क निर्माण किए जाने के बाद से आज दिनांक तक जिस उद्देश्य से बाई ङ्क पास सड़क निर्माण कर बनाया गया था की शहर से कट कर हिंडालको कंपनी के बॉक्साईट दोहन में लगी भारी वाहन ट्रकों को शहर से बाहर आवागमन कराया जायेगा. वह उद्देश्य आज तक अधूरा हैं. जिसे लेकर कई बार पुलिस की शांति ङ्क समिति की बैठक हों या अन्य कोई प्रसाशनिक बैठक हों लोगो का आवाज उठता रहा हैं पर निराकरण आज भी शून्य हैं. आश्वासन सुन ङ्क सुन कर कई जाने बॉक्साईट परिवहन में लगी ट्रकों से हों चुकी हैं. पर बाई ङ्क पास सड़क से आवागमन चालू कराने की ओर शासन ङ्क प्रशासन निष्क्रिय हैं. लेकिन अब कुसमी नजर वासी की विचार धारा बन चुकी हैं की वें सभी अब शांति नहीं बैठने वाले हैं. इसके लिए बॉक्साईट परिवहन बाई ङ्क पास सड़क से चालू किए जाने कोई न कोई ठोस उपाय शासन ङ्क प्रशासन को करना ही होगा.

### शंकरगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, आरोपी गिरफ्त से बाहर

कुसमी मुख्य मार्ग पर बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में अज्ञात वाहन को खोजबीन करने का पुलिस प्रशासन द्वारा बताया गया था. इस सड़क हादसे की जानकारी कुसमी नगर में फैलते ही शव को यथावत रख कर गुस्साए स्थानीय लोगों ने रात में ही प्रदर्शन शुरू कर दिया था. सभी अनुभाग स्तर के प्रसासनिक अमला के बिच किसी तरह रात में मामला शांत तो हों गया. तथा मृतक के परिजनों को पच्चिस हजार रूपये नगद त्वरित सहायता राशि दिया गया. सड़क दुर्घटना के दो दिवस बाद शुक्रवार देर शाम तक आरोपी चालक व वाहन को पकड़ने में पुलिस प्रशासन फेल नजर आई. जिस पुरे बातों से कुसमी नगर वासियों में आक्रोश हैं. जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बॉक्साइट परिवहन में लगे एक ट्रक तेज रफ्तार से ठोकर मारकर शंकरगढ़ की ओर भाग निकला सूचना पर एसडीओपी कुसमी ने रात में ही उक्त मार्ग के शंकरगढ़ थाना व अन्य थाना में जानकारी देकर चेकिंग करने का निर्देश दिया था. आरोप यह भी सामने आई हैं की रात में ही कुछ ट्रकों का नंबर खाना पूर्ति के लिए नोट कर रात में ही छोड़ दिया गया. चार ट्रकों को खड़ी कर शिनाख्त कराई गई. जिससे शंकरगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ी हों रहीं हैं।

### *कमिश्नर, कलेक्टर, आईजी, एसपी के नाम दोनों विभाग के अनुविभगीय अधिकारी को सौपा ज्ञापन

सरगुजा कमिश्नर व बलरामपुर कलेक्टर के नाम कुसमी एसडीएम को तथा सरगुजा आईजी व बलरामपुर एसपी के नाम एसडीओपी कुसमी को ज्ञापन देकर प्रतिलिपि कुसमी थाना को दी गई हैं. नगरवासियो ने ज्ञापन में उल्लेखित किया हैं कीहम सभी कुसमी नगर वासी लम्बे समय से सुविधाओं की कमी के कारण स्वम् को उपेक्षित व असुरक्षित महसूस कर रहें हैं. साथ ही मांग किया हैं की दिनांक 12 जुलाई 2023 को कुसमी ङ्क राजपुर मुख्य मार्ग में जनपद पंचायत कार्यालय के सामने हुई दुर्घटना में मृत अजय दूबे के परिजन को 10.00 लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि दी जाये। एवं पीड़ित परिवार के आश्रित किसी एक व्यक्ति को हिण्डालको कम्पनी में स्थाई रोजगार (बी-फार्म) में दिया जाये। ईश्वर न करे अगर ऐसी घटना पुनः होती है तो उसमें भी उक्त सहयोग पीड़ित को मिलनी चाहिए. उक्त घटना में हिण्डाल्को कम्पनी के साथ-साथ पी.डब्लू.डी. के अधिकारी एवं ठेकेदार की भी जवाबदेही बनती है क्योंकि जिस स्थान पर दुर्घटना घटी है लापरवाही व उदासीनता के कारण सड़क बनाने के समय से कई महीना बीतने के बाद भी सड़क को गड्ढेनुमा जर्जर हालत में छोड़ दिया गया है. जगह ङ्क जगह छोड़ कर निर्माण कार्य किए, जाने से भी दुर्घटना को दावत मिल रही है यहीं वज़ह बनी की आज अजय दुबे हमारे बिच नहीं रहें. इसलिए उस पर अपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए. आये दिन हो रहे दुर्घटना से जान-माल की छती हो रही है जिसे रोकने के लिए कुसमी नगर में बने बाई-पास को चालु कराया जाये और भारी वाहन, बाक्साईड परिवहन को नगर में प्रवेश निषेध किया जाये. नगर वासियों ने चेतावनी दिया हैं की उक्त मांगो पर अगर 15 जुलाई 2023 दिन शनिवार तक कोई कार्यवाही नही होती है तो रविवार से अनिश्चित कालीन बॉक्साइट परिवहन को पूर्णतः बन्द एवं नगर बंद करने हेतु नगर वासी बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन को ठहराया हैं.

### तहसीलदार पढ़ाने लगे कानून की पाठशाला, दुर्व्यवहार से नाराज नगर वासी सड़क पर बैठ करने लगे नरेबाजी

*एसडीएम कार्यालय ज्ञापन सौंपने पहुंचे कुसमी नगर वासियों से एसडीएम की अनुपस्थिती में तहसीलदार ज्ञापन लेने पहुचे थें तथा बातों ही बातों में तहसीलदार कुसमी शशिकांत दुबे नगर वासियों को कानून की पाठशाला पढ़ाने लगे और दुर्व्यवहार की स्थिति निर्मित होने पर ज्ञापन सौंपने पहुंचे कुसमी नगर वासी एसडीएम कार्यालय के सामने बीच सड़क पर बैठकर तहसीलदार व शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. इस बात की जानकारी लगते ही एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो व एसडीओपी रितेश चौधरी प्रदर्शन स्थल पहुंच गए. दोनों विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों ने कुसमी नगर वासियों से पूरे मामले को जाना तथा पुरे परिस्थितियों समझकर व ज्ञापन में उल्लेखित वाक्यों का अवलोकन कर ज्ञापन लिया।*

## एक नजर

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-सत्ती।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शक्ति पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। पूरे जिले में आरोपियों से लगभग 1000 लीटर शराब की जब्ती की गई है। चंद्रपुर निवासी पिंटू यादव के दुकान से लगभग 275 लीटर शराब की जब्ती की गई है जिसमें उड़ीसा से लाकर अवैध शराब बेचना पाया गया है इसके खिलाफ चंद्रपुर थाने में कार्रवाई की जा रही है आरोपी पिंटू यादव फरार है जिसे जल्द पकड़ लिया जावेगा। आरोपी दिनेश जांगड़े के घर से लगभग 300 लीटर महुआ शराब और लगभग 125 लीटर देशी विदेशी शराब की जब्ती की गई है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। चंद्रपुर निवासी नरेश जांगड़े से पिकअप में लगभग 302 लीटर 35पाव,शराब परिवहन करते हुए पकड़ा गया है जिसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है थाना डबरा में उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अमित सिंह आरक्षक फारुख खान आरक्षण दीपेंद्र मधुकर आरक्षक जोगेश राठौर आरक्षक उमेश साहू आरक्षक मनीष राजपूत आरक्षक राकेश राठौर आरक्षक घनश्याम पांडे का विशेष योगदान रहा।



### सियार के काटने से युवक घायल को नवागढ़ में नही मिला ईलाज-भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कटई निवासी गुलजारी गेंडरे सुबह शौच के लिए गये थे। इस बिच उन पर हमला कर सियार ने घायल कर दिया। जब उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ आया तो यहा इंजेक्शन नहीं होने की बात कहकर रेफर कर दिया गया। बेमेतरा से उपचार कराकर आये गुलजारी से भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. जगजीवन खरे ने भेट मुलाकात की तो अपने परेशानियां को बताया की गुप्ताग एवं हथेली में चोट आये हुए हैं। लेकिन इनके समस्याएं को देखते हुए डॉ. खरे ने कहा की नवागढ़ विधानसभा संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे के मुख्यालय में घायल का इलाज नहीं होना चिताजनक है।



### रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कैंसर व गर्भाशय की बीमारी से ग्रसित जिले के दो निवासी को प्रदाय की आर्थिक सहायता

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

रश्मि अग्रवाल पति दिनेश कुमार अग्रवाल, भैयाथान रोड निवासी जो कि गर्भाशय की समस्या से जूझ रही है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं पैसे की व्यवस्था नहीं होने के कारण इलाज नहीं करा पा रही है। रश्मि ने कलेक्टर के समक्ष आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसी प्रकार श्लोक कुमार साहू आ.स्व. शारदा प्रसाद साहू ग्राम ब्रम्हपुर पो. कंचनपुर वि.ख. प्रेमनगर के माता सुमीत्रा साहू कैंसर रोग से पीड़ित है। जिसका ईलाज बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर से हुआ है। जिससे आवेदक आर्थिक रूप से टूट चूके है। एवं पैसे के अभाव में नियमित जांच के लिए रायपुर ले जाने में असमर्थ है। उन्होंने भी कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। ताकि माता को नियमित जांच हेतु रायपुर ले जा सके। दोनों आवेदकों की परेशानियों को देखते हुए कलेक्टर, अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करने सचिव रेडक्रॉस डॉ. आर.एस. सिंह को निर्देश दिया गया। इसी के परिपालन में आज सचिव रेडक्रॉस डॉ. आर.एस. सिंह के द्वारा रश्मि अग्रवाल को पच्चीस हजार रुपये एवं श्लोक कुमार साहू को पंद्रह हजार रुपये का चेक प्रदाय कर आर्थिक सहायता की गयी। बैंक चेक प्राप्त कर आवेदकों ने कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी का आभार व्यक्त किया गया।



# हरेली तिहार के लिए गेड़ी सी मार्ट में बिक्री के लिए उपलब्ध

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की परंपराए तीज त्यौहार, बोली, खान पान के सम्मान में हर संभव कोशिश की है। इस बार 17 जुलाई 2023 को छत्तीसगढ़ में हरेली तिहार मनाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में गेड़ी के बिना हरेली तिहार अधूरा है। बच्चों के लिए बाजार में गेड़ी बिक्री का प्रचलन स्थान विशेष में होता था। अब राज्य शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने लोगों तक गेड़ी की उपलब्धता के लिए जिला मुख्यालय स्थित सी मार्ट में गेड़ी बिक्री के लिए व्यवस्था की है। सी मार्ट से इच्छुक व्यक्ति खरीद सकते हैं। परंपरा अनुसार वर्षों से छत्तीसगढ़ के गावों में अक्सर हरेली तिहार के पूर्व बढ़ई के घर में गेड़ी का ऑर्डर रहता था और बच्चों के जिद पर अभिभावक जैसे तैसे गेड़ी भी बनाया करते थे। अब सी मार्ट में गेड़ी बिक्री के लिए उपलब्ध होने से अभिभावक भी मनपसंद गेड़ी खरीद सकते हैं और पहले की अपेक्षा और अधिक हर्षोल्लास से त्यौहार मना सकते हैं।

### गांव का हरेली तिहार

गांव में लगभग सभी की जमीन होती है और वे किसान हैं। हरेली तिहार के दिन सुबह से ही तालाब के पनघट में किसान परिवार बड़े बुजुर्ग बच्चे सभी अपने गाय बैल बछड़े को नहलाते हैं और खेती किसानी औजारों हल, कुदाली, फावड़ा को भी साफ कर घर के आंगन में पूजा के लिए सजाते हैं। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धूप दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ का चीला का भोग लगाया जाता है। अपने अपने घरों में आराध्य देवी देवताओं के मान्यता के अनुसार पूजा करते हैं। गांव के ठाकुर देव की पूजा की जाती है और उनको नारियल अर्पण करते हैं।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का लोकतंत्र बचाने हेतु मौन सत्याग्रह महज दिखावा

## जिले के पार्टी विधायक,मंत्री कर रहें लोकतंत्र की हत्या-अंजू बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



### जिला पंचायत सदस्य राज्यपाल से मुलाकात कर शिकायत करेंगे

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा लोकतंत्र बचाने का हवाला देते हुए प्रदेश मुख्यालय रायपुर गांधी मैदान में मौन सत्याग्रह किया था। जिस पर बेमेतरा जिला पंचायत सभापति व भाजपा नेता अंजू दयालदास बघेल ने राज्य सरकार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा लोकतंत्र बचाने का हवाला देते हुए मौन सत्याग्रह का दोहरा नाटक किया जा रहा है जबकि उनके पार्टी के नेताओं और मंत्री के द्वारा बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा में बड़े पैमाने पर खुलकर लोकतंत्र की हत्या किया जा रहा हैं अगर मुख्यमंत्री में हिम्मत और ताकत हैं तो उसपर कार्यवाही करें या उसपर भी मौन सत्याग्रह कर के दिखाए बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा को भाजपा-कांग्रेस को मिलाकर कुल 14 जिला पंचायत सदस्य हैं जिसमें किसी भी सदस्यों को उनके क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए 15 वें वृत्त की राशि नहीं दिया जा रहा भाजपा तो भाजपा,कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्यों की स्थिति भी यहीं हैं वहीं चारो जनपद पंचायत जिसमें स्वयं कांग्रेस के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कब्जा हैं उसको भी विकास कार्य के लिए रोका जा रहा महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती मे से अनुमोदन का अधिकार छीन लिया गया हैं। बेमेतरा जिला पंचायत में योजना समिति का चुनाव तो धूमधाम से कराया जाता है पर आज तक कोई बैठक नहीं किये जाते जबकि जिला योजना समिति की बैठक महत्वपूर्ण होते हैं असल में यह है लोकतंत्र की हत्या,ग्राम सभा,सामान्य सभा,सामान्य प्रशासन सहित सभी समितियों से अधिकार छीन लिये गये हैं जिला पंचायत की बैठकों में स्थायी रजिस्टर भी नहीं है कोरे कागज पर प्रोरोसिडिंग लिखा जाता हैं और बाद में मनमानी पुर्वक रजिस्टर मे उतारा जाता हैं जिला पंचायत सीईओ ने पंद्रहवीं वित्त के लिए विधायकों द्वारा प्रस्ताव का उल्लेख कर नियम कानून का माखौल उड़ा रही हैं मुख्यमंत्री लोकतंत्र की बात करते है जिस दिन पूरे प्रदेश के सहकारी समितियों में अध्यक्ष पद में सीधे अध्यक्ष मनोनीत किया गया चुनाव प्रणाली का खुला उल्लंघन और अपने करीबियों,चापलूसों को अध्यक्ष बनाया और बड़े पैमाने पर खरीद फरोख्त किया गया था जिसका ऑडियो भी लोगों के बीच में सामने आया था उस दिन आपका लोकतंत्र कहा था जिला पंचायत सदस्यों के द्वारा शान्तिपूर्वक प्रदर्शन कर 15 वें वृत्त की राशि आबंटित हेतु शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया गया था और कई बार ज्ञापन दिया गया पर इसका कोई प्रतिक्रिया नहीं आया केवल आश्वासन ही मिलता रहा जिसके पश्चात इस मुद्दे को लेकर प्रदेश स्तर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को इस मुद्दे को प्रदेश स्तर में उठाने हेतु दिया गया हैं जबसे प्रदेश में जबसे कांग्रेस की सरकार बनी है तबसे भ्रष्टाचार चरम हैं धर्मांतरण,मतांतरण,लव जिहाद,बड़े से लेकर छोटे नौकरियों तक खरीदी फरोखत,खुलेआम गुंडागर्दीएलूटपाट चरम पर हैं जिसे ठीक करने के बजाए लोकतंत्र का नाटक कर रहें बेमेतरा जिला आ के देखिए लोकतंत्र का हत्या कैसे किया जाता है कांग्रेस के विधायक,मंत्री,संसदीय सचिव के द्वारा जनप्रतिनिधियों के हक का हनन कर उनको क्षेत्र में विकास कार्य जानबूझकर नहीं करने दिया जाता और अधिकारी नियम कानून ठेंगा दिखाते हुए कांग्रेस के एजेंट के रुप कार्य कर रहे हैं इन सब मुद्दो को लेकर जिला पंचायत सदस्य राज्यपाल से मुलाकात कर शिकायत करेंगे।

# पौधा तुंहर द्वार योजना विधायक ने पौधा वितरण के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

## * जनसामान्य को घर पहुंचाकर दिया जाएगा पौधा * पौधा प्राप्त करने परिक्षेत्र अंतर्गत दूरभाष नंबर जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







पूरे छत्तीसगढ़ सहित जिले को भी हरा-भरा करने की कवायद जारी है। विधायक विनय भगत एवं डीएफ-ओ जितेंद्र उपाध्याय ने राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पौधा तुंहर द्वार योजना के तहत पौधा वितरण के लिए वनमंडलाधिकारी कार्यालय के परिसर से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोगों को स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक सहित वन विभाग अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु पौधा तुंहर द्वार योजना 4 जुलाई से प्रारंभ किया गया है वनमण्डलाधिकारी ने बताया कि जन सामान्य द्वारा की गई मांग के अनुसार उनके पते पर घर तक पहुंचाकर नि:शुल्क पौधा वन विभाग द्वारा दिया जाएगा। जिस हेतु परिक्षेत्र अंतर्गत दूरभाष नंबर जारी किया गया है। जनसामान्य आवश्यकतानुसार पौधा प्राप्त करने हेतु जारी दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि जशपुर परिक्षेत्र हेतु लालजीत सिंह बी.एफ.ओ. दूरभाष नंबर 8120804158, दिलीप नायडू वाहन चालक दूरभाष नंबर 6264269855, कुनकुरी हेतु नंदकुमार बी.एफ.ओ. दूरभाष नंबर 9340876500, सुंदर चौहान वाहन चालक दूरभाष नम्बर 9691148123 एवं पत्थलगांव हेतु खुधन राम सुरक्षा श्रमिक दूरभाष नंबर 9303478376 व बसंत कुमार पाले वाहन चालक दूरभाष नंबर 9752896392 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्थान एवं अन्य किसी को पौधे की आवश्यकता होगी तो जिले के 9 नर्सरियों में जाकर नि:शुल्क पौधा प्राप्त कर सकते है। पौधे प्राप्त करने के लिए नर्सरी प्रभारी नन्हेसर के पुष्पिका एक्का दूरभाष नंबर 9131223857, चड़िया के कनकलता देवी दूरभाष नंबर 9406099868, बालाछापर के संगीता भगत दूरभाष नंबर 7389430095, गुलझरिया के महावीर राम दूरभाष नंबर 9302612331, बेमताटोली के संगीता पैंकरा दूरभाष नंबर 8838829193, पुरैनबंध के रामकृष्ण साय दूरभाष नंबर 6267921035, कांसाबेल के सुषमा सिंह 9691643309, चिकनीपानी के भारती चौहान 9753628221 एवं बम्बा के हीरामणी पैंकरा दूरभाष नंबर 8319853054 से संपर्क कर सकते है।

# कलेक्टर ने हेल्थ कार्ड को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ली समीक्षा बैठक

## डोर-टू-डोर संर्पक कर पात्र हितग्राहियों का किया जायेगा रजिस्ट्रेशन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



### आयुष्मान कार्ड के लिए प्रति 100 व्यक्ति के पिछे उपलब्ध करायी जाएगी 01 आईडी

### * दक्षतापूर्ण कार्य के लिए आई डी प्राप्तकर्ताओं को दी जाएगी ट्रेनिंग

कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आयुष्मान भारत और डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना को लेकर समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें मुख्य रूप से हेल्थ कार्ड को लेकर पात्र सभी हितग्राहियों को कैसे लाभ मिले इस पर सुदृढ़ कार्य योजना बनाने को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई। उन्होंने प्रति 100 व्यक्ति के पीछे 01 आई डी उपलब्ध कराने की बात कही ताकि योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जा सके और आसानी के साथ टार्गेट को प्राप्त किया जा सके। आयुष्मान भारत के लिए बैठक में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र के क्षेत्रवासियों को योजना का लाभ मिले इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से सूची बनाकर, उसके मिलान करने का कार्य और पात्र हितग्राहियों को जोड़ने के लिए फोकस करने को कहा गया। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में सभी सचिव, रोजगार सहायक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आई डी जनरेट करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देशित किया। इसके साथ ही स्कूल कॉलेज के टीचर के लिए भी आई डी जनरेट करने के भी कही गई ताकि छोटे-छोटे समूह बनाकर कार्य में तेजी लाई जा सकें। इस अभियान में उन्होंने इसके साथ-साथ जनकल्याणकारी बाकी योजनाओं को भी सम्मिलित करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि बड़े गांव व बड़े क्षेत्र में मल्टीपल आई डी उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारीयों को योजना का क्रियान्वयन चरणबद्ध तरीके से कहा जिसमें आईडी के निर्मित होने के पश्चात् आईडी प्राप्तकर्ता को सही ट्रेनिंग देने के लिए उन्होने जोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होने 27 जुलाई से 31 जुलाई तक को संभावित रूप से हेल्थ कार्ड अभियान के लिए सुनिश्चित करने को कहाए जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार का जिम्मा संबंधित अधिकारीयों को सौंपा ताकि जिले के जागरूक इस अभियान का लाभ अधिक से अधिक उठा सके। उन्होंने इसके लिए सेल्फ रजिस्ट्रेंशन के प्रक्रिया को भी प्रचारित करने के लिए कहा, ताकि शिक्षित वर्ग इसे अपनाकर अपने समय की बचत कर सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान के शुरुआत से ही अपने अधीनस्थों के माध्यम से युद्ध स्तर पर पहले दिन से ही अभियान की शुरुआत करने की हिदायत दी ताकि टारगेट को आसानी से प्राप्त किया जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेल्थ कार्ड से वंचित सूची के अनुरूप, कार्यकर्ता डोर.टू.डोर जाकर अभियान का क्रियान्वयन करें। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ियावाद के नाम पर अपने भ्रष्टाचार को ढंकने की कुचेष्टा कर रहे मुख्यमंत्री बघेल-भाजपा

**छत्तीसगढ़ के दुःख दर्द को समझना, राज्य बनाना और उसे संवारना ही असली छत्तीसगढ़ियावाद है जो भाजपा ने किया-चौधरी**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ियावाद के नाम पर अपने भ्रष्टाचार को ढंकने की कुचेष्टा कर रहे हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ बर्बाद कर उसे छत्तीसगढ़ियावाद् का चोंगा पहनाने का घिनौना प्रयास मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस ने किया है। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल दरअसल अपने काले कारनामों को ढंकने के लिये छत्तीसगढ़ियावाद का उपयोग कर रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि छत्तीसगढ़ियावाद कहते किसे हैं। भूपेश-सरकार ने बीते 5 सालों में जो किया है। उसको छत्तीसगढ़ियावाद् नहीं, छत्तीसगढ़ बर्बाद कहते हैं। राजधानी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ियावाद के नाम पर ढोंग करते हैं। यह छत्तीसगढ़ियावाद नहीं, छत्तीसगढ़ बर्बाद करने का अभियान है। अपने माफिया राज, भ्रष्टाचार में कांग्रेस सरकार आकंठ डूब गई है और अब अपनी नाकामी छिपाने के लिए छत्तीसगढ़ियावाद का बहाना करने का काम कर रही है। चौधरी ने कहा कि अगर वास्तव में छत्तीसगढ़ के हित में कोई काम किया है तो वह भारतीय जनता पार्टी ने किया है। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने काम किया है। छत्तीसगढ़ महतारी को नोच-नोच कर उसकी संपदा इटली महतारी के चरणों में चढ़ाने वाले के मुंह से छत्तीसगढ़ियावाद शब्द बोलना भी शोभा नहीं देता। भाजपा के छत्तीसगढ़ियावाद बनाम कांग्रेस के छत्तीसगढ़ बर्बाद में अंतर की चर्चा करते हुए चौधरी ने कहा कि 50 सालों तक कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य नहीं बनने दिया। छत्तीसगढ़ से सारी संपदा बाहर जाती थी। बैलाडीला से लगातार लौह अयस्क जाता रहा, कोरबा में बिजली का उत्पादन होता रहा लेकिन छत्तीसगढ़ अंधेरे में रहा। भिलाई स्टील प्लांट से लोहा बनकर जाता रहा, लेकिन छत्तीसगढ़ का कभी विकास नहीं किया गया। अमीर धरती के लोगों को गरीब बनाकर रखने का कुचक्र कांग्रेस ने रचा। 50 वर्षों तक कांग्रेस को शासन करने का मौका मिला था, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ नहीं बनने दिया। इसे कहते हैं छत्तीसगढ़ बर्बाद वहीं केंद्र में भाजपा सरकार बनते ही, छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। ये है असली छत्तीसगढ़ियावाद। छत्तीसगढ़ के दु:ख.दर्द को समझना, राज्य बनाना और उसे संवारना ही असली छत्तीसगढ़ियावाद है जो भाजपा ने किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा कि भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा कि भारत का इतिहास उठाकर दे लीजिए, एक वर्ष में एक साथ पद्मश्री के तीन पुरस्कार छत्तीसगढ़ के आज तक कभी नहीं मिला। एक साथ एक वर्ष में तीन पद्मश्री पुरस्कार छत्तीसगढ़ की लोककला.संस्कृति को जानने मानने वावे अजय मंदावी, ऊषा बारले आदि को देने का काम यदि किसी ने किया है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने किया है। कांग्रेस के 50 साल के शासनकाल में कभी ऐसा नहीं हुआ। चौधरी ने कहा कि जब प्रदेश से राज्यसभा सदस्य बनाने का मौका मिला तो सबने देखा कि बिहार के माफिया पप्पू यादव की पत्नी रंजीता यादव को, पंजाब के केटीएस तुलसी, राजीव शुक्ला को कांग्रेस ने राज्यसभा सदस्य बनाया। छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के बीच में कांग्रेस को एक भी व्यक्ति कांग्रेस और मुख्यमंत्री बघेल को नहीं मिला। इससे पहले भी जब कांग्रेस को मौका मिला तो मोहसिना किदवई आदि प्रदेश से बाहर के लोगों को राज्यसभा सदस्य बनाया। यह छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने का काम है। भाजपा ने अपने 15 साल के शासनकाल में छत्तीसगढ़ के भाई-बहनों को ही राज्यसभा का सदस्य बनाया, यही वास्तव में सच्चा छत्तीसगढ़ियावाद है। चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को भ्रमित करने के लिए मुख्यमंत्री कभी भंवरा पकड़ लेते हैं। कभी गिल्ली डंडा पकड़ लेते हैं। कभी गेड़ी पकड़ लेते हैं। छत्तीसगढ़ियावाद के नाम पर मुख्यमंत्री बस इतना ही करते हैं। जबकि छत्तीसगढ़ के मान-सम्मान, पहचान को पूरी दुनिया को दिखाना है, इसलिए शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम भी भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने ही बनाया है। जहां पूरे विश्व की क्रिकेट टीमें खेलने आती हैं और छत्तीसगढ़ के गौरवपूर्ण इतिहास की झलक पाती हैं। चौधरी ने कहा कि जहां तक बात,गिल्ली.डंडा, गेड़ी की है तो मुख्यमंत्री को हमारी चुनौती है कि गेड़ी दौड़ में हमसे मुकाबला कर लें और देख लें कि कौन आगे आता है। भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा कि भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ी बोली को राजभाषा का दर्जा दिया। कांग्रेस को तो 50 साल मिले थे, क्यों नहीं किया् भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने राजभाषा आयोग का गठन किया। मुख्यमंत्री बघेल तो राजभाषा आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति तक नहीं कर पाए। छत्तीसगढ़ी बोली में 700 से अधिक किताबों का प्रकाशन भाजपा सरकार ने कराया। मुख्यमंत्री बघेल बताएं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कितनी किताबों का प्रकाशन कराया् चौधरी ने कहा कि भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने परम पूज्य गुरु घासीदास की स्मृति में गिरौदपुरी में विश्व का सबसे ऊंचा जैतखाम बनाया और छत्तीसगढ़ी अस्मिता का मान ऊंचा किया। मुख्यमंत्री बघेल इस बात का जवाब दें कि उनके शासनकाल में जैतखाम को तोड़ने की घटनाएं क्यों हुई। जब समाज विशेष के सम्माननीय युवा अपनी मांग रखकर चर्चा कर रहे थे। तब भौंकने वाले जैसे शब्द का प्रयोग करके एक पवित्र समाज को अपमानित करने का पाप भी मुख्यमंत्री बघेल ने किया है। क्या ये छत्तीसगढ़ियावाद है। भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाकर मोहन मरकाम को शिक्षा मंत्री बनाने पर कहा कि अब बचे कुछ दिनों में वे शिक्षा व्यवस्था की बर्बादी के काम को ही आगे बढ़ाएंगे। पांच साल में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने क्या किया। अभी हाल ही एक रिपोर्ट आई है जिसमें शिक्षा के मामले में छत्तीसगढ़ को 34वां स्थान मिला है। इससे शर्मनाक बात और क्या हो सकती है। कांग्रेस की सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को भी चौपट करके रखा है। माफिया राज और भ्रष्टाचार की भेंट शिक्षा व्यवस्था को भी चढ़ा दिया है। चौधरी ने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा तक कांग्रेस की जमीन खिसक चुकी है। पहले भूपेश है तो भरोसा है कहने वाला कांग्रेस नेतृत्व को भी अब यकीन हो चला है कि भूपेश है तो भ्रष्टाचार है। इसलिए कांग्रेस के लोग अब दौड़-भाग कर रहे हैं। अल्टी-पल्टी कर रहे हैं। लेकिन अब कांग्रेस का कुछ होने वाला नहीं है क्योंकि चिड़िया तो खेत चुग गई।




**भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा छत्तीसगढ़ बर्बाद कर उसे छत्तीसगढ़ियावाद का चोंगा पहनाने का घिनौना प्रयास मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस ने किया**

## एक नजर

### भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपीराम पटेल के दशगात्र में शामिल हुए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

ग्राम पंचायत जुर्डा निवासी मोतीराम पटेल के पिता गोपीराम पटेल का निधन 5 जुलाई को हो गया था। जिनका दशकर्म कार्यक्रम पर रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत मोतीराम पटेल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दिए व शोक संतप्त परिवार के सदस्य नंदकुमार, विजेराम,नरसिंह, दुर्योधन, यादराम, तरुणदास, नरेंद्र कुमार, खेल कुमार, लक्ष्मीकांत से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की एवं इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कहा कि गोपीराम पटेल का निधन हमारे लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जाना हम सबके लिए अत्यंत दुखद है। गोपी राम पटेल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। साथ ही समाज सेवा में अग्रणी थे उनका स्वभाव मिलनसार, धार्मिक, मृदुभाषी व्यावहारिक थे।

### पर्यावरण जागरूकता रथ के माध्यम से स्टेशन पारा में वितरित किए गए पौधे

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण जागरूकता रथ को संचालित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से अंचल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों तक पौधे पहुंचाने के साथ-साथ लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न किया जा रहा है। उक्त रथ 14 जुलाई को नगर के स्टेशन के दोनों ओर पौधे वितरित करने व लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से घुमाया गया। इस रथ से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने रोपित करने के उद्देश्य से पौधे लिए और उन्होंने फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे उक्त अभियान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। स्थानीय निवासी ठाकुर राम, उमेश, चक्रधारी, विक्की, मनीष, राजीव आदि ने कहा कि रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा चलाए जाने वाला यह अभियान प्रशंसा योग्य है। इस रथ के माध्यम से लोगों तक पौधा पहुंच रहा है, जिससे लोग अपने उपयोगिता के अनुसार पौधे लेकर रोपित कर रहे हैं। इससे लाभ यह होता है कि जो लोग पौधे रोपित करना तो चाहते हैं। किन्तु दैनिक दिनचर्या से समय निकालकर नर्सरी तक जाना और वहां से पौधे लेकर रोपित करने के कार्य को हर व्यक्ति नहीं कर पाता है। यही कारण है कि इस रथ के चलाए जाने की उपयोगिता समाज में अधिक है।

### जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 01 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम पंडरीपानी, निवासी मृतक स्व. अष्टु राम, मधुमक्खी के काटने से 17


फरवरी 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पुत्र साखी राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

# ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक जवानों ने दिया इंसानियत का परिचय

## मिर्गी दौरा पड़ने पर वाहन अंदर तड़प रखे ड्रायवर को अपने वाहन से पहुंचाये हॉस्पिटल

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

**प्रतिदिन की तरह शहर में भारी वाहनों का प्रवेश निषेधित करने यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित समय के लिये नो एंट्री लगाया जाता है ।**





आज सुबह छातामुड़ा चौंक के आगे नो एंट्री पाइंट पर थाना यातायात रायगढ़ में पदस्थ आरक्षक धनंजय सिंह और सैनिक मिलाप सिंह चौहान अपनी ड्यूटी पर थे । नो एंट्री बाद वाहनों को छोड़ा गया, तब एक-दूसरे वाहन से आगे बढ़ने की होड़ में छातामुड़ा चौक के पास जाम जैसी स्थिति बन गई थी । ड्यूटीरत ट्रैफिक जवान ट्रैफिक क्लीयर कर रहे थे । इस दौरान वाहन क्रमांक CG07CH-9555 (TATA SIGNA) सड़क के बीचों बीच खड़ी थी, आगे नहीं बढ़ रही थी जिससे ट्रैफिक जवान वाहन के पास पहुंचे तो देखे वाहन के चालक को मिर्गी दौरा पड़ने पर वाहन अंदर तड़प रहा है जिस पर आरक्षक धनंजय सिंह और सैनिक मिलाप चौहान के द्वारा परिस्थिति को देखते हुये संवेदनशलता का परिचय देते हुये तत्काल बीमार व्यक्ति को अपने वाहन में बिठाकर नजदीकी अपेक्स हॉस्पिटल रायगढ़ में भर्ती कराये और उनके परिजनों को सूचित किया गया । बीमार व्यक्ति के परिजनों के अस्पताल पहुंचने पर उन्हें हालात से अवगत कराते हुए वापस दोनों जवान अपने पॉइंट पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था बनाने के कार्य में पुन: जुट गये । ट्रैफिक के जवानों के कार्य कुशलता और मानवता के कार्य को देख वहां मौजूद लोगों ने काफी सराहना की ।

# कांसाबेल, बगीचा एवं फरसाबहार में संक्रमण से रोकथाम हेतु पशुओं का किया जा रहा प्रतिबंधात्मक टीकाकरण

## रोका-छेका अभियान अंतर्गत 6 से 12 जुलाई तक 172 शिविर किया गया आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




छ.ग. शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, अउ बारी योजनांतर्गत गौठानों को दिन में पशु आश्रय स्थल के रूप में तैयार कर ग्राम के मवेशियों को एकत्रित कर गौठानों में ही पशु उपचार, रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण, बधियाकारण, कृमिनाशक दवापान, औषधि वितरण विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं पशुनस्ल संवधर्म के कार्य संपादित किये जा रहे है। 6 से 17 जुलाई 2023 तक छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण पर्व हरेली त्यौहार दिवस तक रोका-छेका अभियान शिविर आयोजन के माध्यम से पशु पालकों में जागरूकता हेतु आयोजित शिविर में जशपुर जिले के तीन विकासखण्ड कांसाबेल, फरसाबहार एवं बगीचा के लगभग 100 प्रशिक्षित पशु सखियों के द्वारा वर्षा ऋतु में पशुओं में होने वाली संक्रमण से रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण गलघोंटू, एक टंगिया एवं बकरियों में वर्षा ऋतु में संक्रमण से फैलने वाली घातक बीमारी आंत्रविषी बुखार के रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण कार्यों का संपादन पशु सखियों द्वारा किया जा रहा है। रोका-छेका अभियान अंतर्गत 6 से 12 जुलाई 2023 तक कुल 172 शिविर आयोजित किये गये हैं जिसमें 2188 पशुओं के विभिन्न बीमारियों का उपचार, 8775 पशुओं के लिए औषधि वितरण, 1102 नि:शुल्क गाय, बछड़ों और बैल का बधियाकरण, 5536 मवेशियों में कृमिनाशक दवापान एवं 26 गौवंशीय, भैंसवंशीय मवेशियों में कृमिनाशक दवापान एवं 26 गौवशीय, भैंसवंशीय मवेशियों में कृत्रिम गर्भाधान कार्य किया गया है। इस वर्ष मवेशियों में रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण कार्य में विकासखंड कांसाबेल, बगीचा एवं फरसाबहार के प्रशिक्षित पशु सखियों का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल द्वारा विकास खंड कांसाबेल के पशु सखियों के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किया गया है।

**शिविर में 2188 पशु उपचार, 8775 औषधी वितरण, 1102 बधियाकरण एवं 5536 कृमिनाशक दवा पान कराया गया**



# महिलाओं के स्वास्थ्य व सुविधाओं की तरफ लापरवाही लगातार-डॉ रश्मि सोनकर

## स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति एवं महिला शौचालय पिंक टायलेट की मांग को लेकर प्रबल स्त्री फाऊंडेशन के सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



जिला मुख्यालय बनने के बाद शहर में आए दिन महिलाओं का किसी न किसी कार्य को लेकर आवागमन बना रहता है जिससे महिलाओं को शौच क्रिया के लिए काफी शर्मिन्दा होना पड़ता है। ऐसी स्थिति में शहर में एक भी महिला शौचालय नहीं है और जो भी हैं वो प्रयोग लायक नहीं है। वहीं दूसरी ओर मुख्यालय में स्थित सरकारी चिकित्सालय में एक भी महिला चिकित्सक के ना होने से कई महिलाएं खुलकर अपनी समस्याएं चिकित्सक को नहीं बता पाती हैं। जिस कारण से गर्भवती महिलाओं व अन्य महिलाओं का बेहतर इलाज नहीं हो पाता, नतीजा ऐसी परिस्थितियों में महिलाओं व जच्चा.बच्चा दोनों की जान को खतरा बना रहता है। शहर में व्याप्त ऐसी व्यवस्थाओं को सही करने के प्रयोजन से प्रबल स्त्री फाऊंडेशन के द्वारा कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा से मुलाकात कर ज्ञापन पत्र सौंपा गया है। संस्था की अध्यक्ष डॉ. रश्मि सोनकर का कहना है कि चूंकि शहर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और बेहतर इलाज एंव महिला चिकित्सक ना होने की वजह से ग्रामीणों को मजबूरन निजी अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है। संस्था के सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेन्द्रगढ़ में तत्काल स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति एवं मनेन्द्रगढ़ नगर में शहर के अंदर महिला शौचालय पिंक टॉयलेट, की व्यवस्था कराने की मांग की है। डॉ. रश्मि सोनकर ने बताया इसके पहले भी स्त्री रोग विशेषज्ञ व पिंक टॉयलेट के लिए प्रबल स्त्री फाउंडेशन ने पहले भी प्रदर्शन करके शासन प्रसाशन का ध्यानाकर्षण कराने की कोशिश की है पर इस गंभीर विषय पर किसी भी तरह की प्रतिक्रिया दिखाई नही दी ज्ञापन सौंपने की लिए फाऊंडेशन की पुरा टीम डॉ रश्मि सोनकर, प्रतिमा प्रसाद, ज्योति मांझी, पूजा पटेल, नीलम सोनी, आयशा अजीमा, अर्चना विश्वकर्मा, शकुंतला सिंह, शीला सिंह, ममता नामदेव उपस्थित रही।

# भाजपा ने किया खुलासा 18 लाख बंदरबांट के मामले का

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत मेरो में सड़क के ऊपर सड़क निर्माण कर 18 लाख के बंदरबांट के मामले का भाजपा ने किया खुलासा। भाजपा ने लोक निर्माण विभाग से शिकायत कर 14 दिनो में कार्यवाही करने लिखा पत्र। गत दिवस पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल भाजपा प्रतिनिधि मंडल के साथ ग्राम पंचायत मेरो पहुंचे। स्थानियजनो के बीच उन्होंने सड़क के ऊपर बनी सड़क पर पहुंच कर बताया कि मुख्य मार्ग से हाईस्कूल मेरो तक पहुंच मार्ग निर्माण हेतु 18.08 लाख रूपए राशि से सीसी सड़क निर्माण कराया गया है। जबकि आपके ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच के द्वारा बताया गया की पूर्व में भी उक्त मार्ग पर सीसी सड़क का निर्माण हो चुका था। उसी के उपर दोबारा कार्य कर लीपापोती का काम किया गया। लोकनिर्माण विभाग के कार्यालयीन आदेश के बाद निर्मित सड़क की मोटाई 12 इंच की जगह केवल 6 इंच है और लंबाई 319 मीटर की जगह केवल 240 मीटर ही बना कर इतिश्री कर लिया गया है। इस तरह से लोक निर्माण विभाग और संबंधित ठेकेदार के द्वारा बिना किसी डर भय के शासन के साथ धोखा धड़ी करते हुए जनता के टेक्स के पैसों का बंदरबांट किया जाना काफी दुर्भायपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा की इससे पूर्व ग्राम मंगोरा में बिना सड़क निर्माण कराये हुए भी राशि का भुगतान आपके लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा चुका है। जिसकी शिकायत के बाद भी लोकनिर्माण विभाग द्वारा आज दिनांक तक संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के उपर किसी भी प्रकार की कार्यवाही न किया जाना विभाग की संलिप्तता पर भी उंगली उठना लाजमी है। जायसवाल ने कहा की पूरे क्षेत्र में आज हर ओर लूट का माहौल कांग्रेस सरकार में हावी हो चुका है। अधिकारी कर्मचारी कांग्रेस सरकार के डर में कार्यवाही करने से कतरा रहे है क्योंकि इसमें सत्तासीन नेता के परिवारजन शामिल नजर आ रहे है। इस मामले पर भाजपा ने लोकनिर्माण विभाग मनेंद्रगढ़ को पत्र लिखकर इसकी शिकायत करने के साथ संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार के ऊपर त्वरित कार्यवाही करने कहा है। कार्यवाही 14 दिनो में नही होने पर भाजपा के द्वारा लोक निर्माण कार्यालय का घेराव करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

इस दौरान विधानसभा प्रभारी मनोज शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री वीरेंद्र सिंह राणा, जिला उपाध्यक्ष जनार्दन साहू, जिला मंत्री अरुणोदय पाण्डेय, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति धनंजय पाण्डेय, सुरेश श्रीवास्तव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, मंडल महामंत्री धरमपाल सिंह, पूर्व सरपंच रंजित सिंह, सतेंद्र साहू, हेंद्रपाल मार्को, दिनेश भगत, भागवत विश्वकर्मा, शिव कुमार सहित काफी संख्या में स्थानियजन उपस्थित रहे।

# दबंगों ने शासकीय सड़क मद की भूमि पर बना दिया मकान

## आनाजाना हुआ अवरुद्ध शिकायत पर मूकदर्शक बने तहसीलदार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

**जिस शासकीय सड़क मद की भूमि पर ग्रामीणों का रास्ता था उसे गांव के दबंगों ने खुलेआम कब्जा बना दिया मकान का निर्माण करा दिया। जिससे ग्रामवासी आना-जाना हुआ अवरुद्ध हो गया है।**




पूरा मामला भैयाथान ब्लाक के हर्रापारा का है जहां के रहने वाले विजेन्द्र कुशवाहा ने राजस्व सचिव को पत्र लिखकर बताया कि उसकी स्वामित्व व आधिपत्य की पैतृक भूमि ग्राम भैयाथान हर्रापारा पइनं 13 रानिमं व तह. भैयाथान, जिला सूरजपुर छग में ख.नं. 619 1 रकबा 0.03 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि से लगी हुई शासकीय सड़क मद की भूमि खनं.847, 425 रकबा 0.25 है.भूमि लगी हुई है। जिससे ग्रामवासी आवाजाही करते है। गांव के उग्रसे, राजकुमार, सुरेन्द्र ने शासकीय सड़क मद की भूमि में जबरन कब्जा कर मकान निर्माण किया। मकान निर्माण करने के समय वह तहसील भैयाथान के समक्ष विधिवत शिकायत कर निस्तारी बंद होने पर बताया गया था। जिसका कार्यवाही विलम्ब से करने के कारण मकान निर्माण का कार्य पूर्ण हो गयाए हल्का पटवारी से मौका जांच कराया मौका जांच के दौरान हल्का पटवारी ने स्पष्ट रूप से बताया कि ये लोग शासकीय सड़क मद की भूमि पर मकान निर्माण का कार्य किया है और निस्तारी बंद कर दिया है जिसके बाद भी तहसीलदार भैयाथान के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया बल्कि स्थगन आदेश खरिज कर दिया गया। अवैध निर्माण की जानकारी वह तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को देते रहे। जबकी हल्का पटवारी ने बेजा कब्जा के संबंध में अपना प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसके बाद भी कोई कार्यवही नही हुई। उक्त भूमि शासकीय सड़क मद की भूमि है। जिस पर ग्राम वासियों एवं मवेशियों का निस्तार होता है। इनके द्वारा निरन्तर कब्जा कर उस पर लगातार निर्माण का कार्य जारी रखते हुये मकान बना दिया है। अब पूर्णरूप से सड़क को बन्द करते जा रहे है जिससे ग्रामीण सहित मवेशियों का निस्तारी आवाजाही बंद होने से ग्रामीण परेशान है। तहसीलदार व एसडीएम सक्षम अधिकारियो से गुहार लगा कर बेजाकब्जा हटाने की फ रियाद की थी। लेकिन किसी तरह कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने राजस्व सचिव को पत्र लिखकर शासकीय सड़क मद के भूमि को जबरन किये गये कब्जा से बेदखली की कार्यवही कराने की गुहार लगाई है।



### भैयाथान तहसील कार्यालय में अखिर कब मिलेगी लोगों को न्याय

सूरजपुर भैयाथान तहसील कार्यालय जो राजस्व प्रकरणों में न्यायालय की पहली सीढ़ी होती है और जमीन जायदाद मामलों में इंसान का पहला पाला तहसील कार्यालयों से ही पड़ता है पर पहली सीढ़ धीरे-धीरे ये भ्रष्टाचार के गढ़ बनते जा रहे हैं आम आदमी कागज प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाते हुए इन कार्यालयों के चक्कर काटते अक्सर देखा जा सकता है जमीन जायदाद के मुकदमे हो नामांतरण हो सामान्य नामांतरण हो या अवैध कब्जों की




शिकायत हो अनाधिकृत निर्माण का मामला हो या राजस्व रिकार्ड में सुधार का मामला हो लोक सबसे पहले न्याय की आस में तहसील कार्यालय का ही चक्कर लगाते हैं परंतु यहा व्यापक भ्रष्टाचार अफ सरशाही और बाबू गिरी का अक्सर शिकार हो जाते हैं हालात तो यह भी है कि छोटे-छोटे मामलों में वर्षों फैसला पेंडिंग रहता है लोगों की ऐड़िया घीस जाती है न्यायालय के चक्कर लगाने में और अंत न्याय व्यवस्था पैसों की चमक आगे दम तोड़ देती है राजस्व मामलों में पटवारी कार्यालय के बाद और देश के उच्चतम न्यायालय के पूर्व तहसील न्यायालय की भूमिका सर्वोत्तम मायने रखती है क्योंकि किसी न्यायालय में पारित आदेश पंचनामा गवाही साक्ष्यो के एकत्रित करण ओर निर्मित दस्तावेज के आधार पर राजस्व मामलों के निराकरण की कवायद निम्न से लेकर उचित स्तर तक चलती है परंतु यहां आलम यह है कि वर्तमान मैं तहसील कार्यालय धन उगाही के केंद्र मात्र बनकर रह गया हैं जो धनबल के जरिए किसी के भी पक्ष में आदेश पारित कराने के लिए जाने जा रहे हैं। कारण यह है कि यदि इन न्यायालयों से गलत आदेश पारित हो भी गया जिससे ऊपर चुनौती देने पर गलत पाया भी गया तो भी तहसील कार्यालय में बैठे अधिकारी और बाबू पर कोई कार्यवाही नहीं होती इन पर कोई प्रकण नहीं बनता यही कारण है कि यह कार्यालय निरंकुशता का पर्याय कारण बनते जा रहे हैं इन सब में पिसता आम आदमी है जो मामले आसानी से तहसील कार्यालय से ही निपटाए जा सकते हैं यह मामले धीरे-धीरे इतना वृत्त रूप ले लेते हैं कि दुनिया बदल जाती है पर मामले वहीं रहते हैं क्या अब तहसीलदार के हटने के बाद ही लोगो को मिलेगा न्याय।

## एक नजर

### भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपीराम पटेल के दशगात्र में शामिल हुए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल



जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़ ।

ग्राम पंचायत जुर्डा निवासी मोतीराम पटेल के पिता गोपीराम पटेल का निधन 5 जुलाई को हो गया था, जिनका दशकर्म कार्यक्रम पर रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत मोतीराम पटेल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दिये व शोक संतप्त परिवार के सदस्य नंदकुमार, विजेराम, नरसिंह, दुर्योधन, यादराम, तरुणदास, नरेंद्र कुमार, खेल कुमार, लक्ष्मीकांत से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की एवं इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कहा कि गोपीराम पटेल का निधन हमारे लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जाना हम सबके लिए अत्यंत दुखद है। गोपी राम पटेल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे, साथ ही समाज सेवा में अग्रणी थे उनका स्वभाव मिलनसार, धार्मिक, मृदुभाषी व्यावहारिक थे।

### नियमितीकरण के नाम पर निगम कर्मी कर रहे वसूली-उमेश अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने निगम में नियमितीकरण के नाम पर चल रही अवैध वसूली पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा लूटबो छत्तीसगढ़ से गढ़बो छत्तीशगढ़ की अवधारणा पूरी नहीं की जा सकती। प्रदेश माफियाओं के गिरफ्त में है और सरकारी कर्मी वसूली के एजेंट बने हुए है। सरकारी सरक्षण में चल रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग करते हुए दोषी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने की मांग करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा निगम राजस्व विभाग में कार्यरत कर्मचारी द्वारा महिला से भवन नियमित करण के नाम पर सत्तर हजार रुपए रिश्वत की मांग की सोशल मीडिया मे वायरल जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला में निगम कमिश्नर को शिकायत भी की है। अवैध उगाही करने वाले कर्मचारी को निलंबित करने की मांग करते हुए भाजपा नेता ने कहा निगम लूट खसोट का अड्डा बन गया है । छत्तीस गढ़िया वाद की बात करने वाली सरकार छत्तीसगढ़ियो को ही लूटने से बाज नहीं आ रही है।



### असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के तहत 276 पंजीकृत महिला श्रमिकों को किया गया लाभान्वित

#### योजना के तहत 55 लाख 20 हजार रूपए आर.टी.जी.एस के माध्यम से किया गया है हस्तांतरित

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

श्रम विभाग के अंतर्गत् छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सुरक्षा मंडल अंतर्गत् संचालित असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के तहत् जिले के पंजीकृत महिला श्रमिकों को प्रसूति पश्चात् तथा ठेका श्रमिक घरेलु महिला कामगार एवं हमाल प्रसूति सहायता योजना के तहत् 1 पंजीकृत महिला श्रमिक को 20 हजार के मान से लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में श्रम विभाग के द्वारा असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना में पंजीकृत 195 महिला श्रमिकों को 39 लाख, ठेका श्रमिक घरेलु महिला कामगार एवं हमाल प्रसूति सहायता योजना के तहत् पंजीकृत 80 महिला श्रमिक को 16 लाख एवं सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के तहत् पंजीकृत 1 महिला श्रमिक को 20 हजार कुल 276 पंजीकृत महिला श्रमिकों को 55 लाख 20 हजार रूपए आर.टी.जी.एस के माध्यम से हस्तांतरित किया गया है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु श्रम विभाग व लोक सेवा केन्द्र तथा व्हीएलई के माध्यम से दस्तावेजों के साथ पंजीयन करा सकते हैं। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए कल्याण अधिकारी ज्ञानवन्त पाण्डेय मोबाईल नम्बर 7999257119 एवं कल्याण निरीक्षक अभिषेक यादव मोबाइल नम्बर 9111122448 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# बिजली समस्या को तत्काल निराकरण किया जा रहा - हीरामणि निकुंज

जोहार छत्तीसगढ़ -कुसमी।



ग्राम पंचायत त्रिपुरी जान पारा गांव में विगत 1 सप्ताह से बिजली विलुप्त हो गयी थी। बिजली की समस्या से ग्रमीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। बिजली न होंने से बहुत सारी समस्याएं उतपन्न हो रही थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जिला पंचायत सदस्य एवं विधुत समिति के सभापति हीरामणि निकुज को दिया गया। ततपरता दिखाते हुए तत्काल उच्च संबंधित अधिकारियों से बात करके तत्काल ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग किया गया। उनकी मांगों को तत्काल पूरा किया गया। त्रिपुरी जान पारा पहुँच कर अपने साथियों के साथ ट्रांसफार्मर लगवाया गया। जिससे त्रिपुरी जान पारा के ग्रामीणों ने हीरामणि निकुंज का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही हीरामणि निकुज ने कहा की आपलोग की जो भी समस्याएं होगी या जो समस्या आती होगी। आप मुझे उस चीज़ों से अवगत कराएं मैं आप सभी की के साथ हु। सदैव आप सभी के लिए मैं खडी हु, तत्पर हु।

आपको बता दे कि हीरामणि निकुज के पास जब भी बिजली की जो भी समस्याएं आती है, उससे तत्काल निराकरण करती रही है। कई गांवों में ऐसे अनेकों समस्या को दूर भी कर चुकी है। लोगो के मदद के लिए अक्सर आगे रहती है। हीरामणि निकुज।

ट्रांसफार्मर लगवाते समय उनके साथी कार्यकर्ता व गांव के ग्रामीणों साथी सभी उपस्थित रहे।।

# घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग पाये जाने पर की जप्ती की कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना के आदेशानुसार सक्ती नगर पंचायत अंतर्गत राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा सक्ती के विभिन्न होटलों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों पर जांच एवं सैंपल एकत्र करने की कार्यवाही की गई। जिसके अंतर्गत होटल हिमालय,होटल नटराज,काके दी हट्टी, छेदी होटल,बनारसी होटल में सघन जांच एवं कार्यवाही की गई। जांच के दौरान घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर हिमालय होटल के पास से 5 घरेलू सिलेंडर जब्ती की कार्यवाही की गई। साफ-सफाई का स्तर संतोष जनक नहीं पाए जाने पर हिमालय होटल पर 5000 पांच हजार, रुपये अर्थदंड आरोपित किया गया। इसी प्रकार काके दी हट्टी रेस्टोरेंट में घरेलू सिलेंडर उपयोग करते पाए जाने पर 2 घरेलू सिलेंडर जब्ती की कार्यवाही की गई एवं 3000 तीन हजार रुपये के अर्थदंड आरोपित किया गया। कार्यवाही के अगले चरण में होटल नटराज का जांच किया गया जिसमें निर्धारित मात्रा से अधिक व्यवसायिक सिलेंडर उपयोग करते पाए जाने पर 9 व्यवसायिक सिलेंडर होटल नटराज से जप्त किया गया एवं 6000 छ: हजार रूपये का अर्थदंड लगाया गया।

इसके पश्चात बनारसी होटल का जांच किया गया। जांच के दौरान होटल में साफ सफ ाई का स्तर अत्यंत निम्न पाए जाने पर 5000,पांच हजार, रूपये अर्थदंड की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार छेदी होटल बुधवारी बाजार में साफ -सफ ाई का स्तर असंतोषजनक पाए जाने पर 10000 दस हजारद्ध रूपये का अर्थदंड आरोपित किया गया। इस प्रकार होटलों में राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की टीम के द्वारा कार्यवाही की गई। एवं खाद्य प्रतिष्ठानों को निर्देश दी गई है कि वे उचित साफ-सफ ाई एवं खाद्य विभाग के नियमों के अनुसार होटल का संचालन करें। जिससे मौसमी बीमारियों से जनता का बचाव हो सके। कलेक्टर एवम् जिला दंडाधिकारी ने आदेशित किया है की उक्त जांच एवम् कार्यवाही आगामी रक्षाबंधन त्योहार तक निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही के दौरान तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी, फूड सेफ्टी ऑफि सर जाहिरा खान, खाद्य निरीक्षक जितेंद्र दिनकर, राजस्व निरीक्षक केशव पटेल, स्वच्छता निरीक्षक तुलसी राम धीवर उपस्थित थे।




# सांप के काटने पर बिना देर किए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में कराएं इलाज

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




* बरसात के मौसम में बढ़ जाती सर्पदंश की घटनाएं
* सर्पदंश की स्थिति में झाड़,फूंक या बैगा गुनिया के चक्क र में न पड़ें, बिना देर किए अस्पताल जाएं-कलेक्टर दुग्गा ने लोगों से की अपील

बारिश का मौसम आते ही जहरीले सांप, बिच्छू व कीड़े मकोड़ों के काटने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में लोगों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़.फूंक या बैगा गुनिया के चक्कर में न पड़ें और बिना देर किए अस्पताल में सीधे डॉक्टर से संपर्क करें।

सांप, बिच्छू या जहरीले कीड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार करने से उसकी जान बचाई जा सकती है। वर्षा का पानी बिलों में भरने और बिलों के तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण सांपों को बिलों से बाहर निकलना पड़ता है। सुरक्षित स्थान और खाने की तलाश में सांप अकसर घरों या बाड़ियों में घुस जाते हैं और सर्पदंश की घटना होती है। सर्पदंश की स्थिति में तत्काल पीड़ित को एंटी स्नेक वेनम लगाया जाना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश के मामले अधिक. सर्पदंश के ज्यादातर मामले वनांचलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। अधिकांशत: ग्रामीण बारिश के मौसम में भी जमीन पर सोते हैं। इससे उनके सर्पदंश के शिकार होने की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश तिवारी ने सर्पदंश से बचने के लिए ग्रामीणों को बारिश के मौसम में जमीन पर नहीं सोने और सर्पदंश की स्थिति में तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने की सलाह दी है।

### निजात अभियान से जागरूकता के साथ नशा करने वाले एवं बेचने वाले दोनों में मचा हड़कंप

# बिलासपुर पुलिस की निजात अभियान चारों तरफ हो रही प्रशंसा

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



* बिलासपुर में निजात से जागरूकता बढ़ी,नशा के कारोबार में लगा अंकुश
* निजात अभियान में सामाजिक संगठन,व्यापारी संगठन,युवा वर्ग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे

बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह का एक विशेष अभियान जहा पदस्थ होते हैं वहा पर वो निजात अभियान चलाते है उनकी सोच बिल्कुल भी अलग है। युवा नशा से बचेगा तो देश आगे बढ़ेगा। आज देश में नशा का शिकार सबसे अधिक कोई है तो वो युवा वर्ग ही है इन्ही सब को ध्यान में रख आई पी एस संतोष सिंह ने इस अभियान को बड़ी गंभीरता से लिया और आज बिलासपुर में नशा के खिलाफ आम जन ही नहीं सामाजिक संगठन,एनजीओ,व्यापारी संगठन,युवा संगठन सभी इस निजात अभियान को सफ ल बनाने में एक जुटता के साथ कार्य कर रहे हैं इसका प्रभाव इसी बात से लगाया जा सकता है कि यूवाओ में जागरूकता आ रही है नशे से निजात पाने के लिए आगे आने लगे है। इसके अलवा नशा कारोबार करने वाले पर आए दिन बड़ी कार्यवाही हो रही हे जिससे नशा कारोबारी के साथ नशा करने वालो में हड़कंप मचा हुआ है।

लीडरशीप इन क्राइम प्रिवेंशनश कैटेगरी में अमेरिका के प्रतिष्ठित आईएसीपी 2022 अवार्ड के लिए चयन हुआ था

बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह जब राजनादगांव प्रभार में थे। उस समय नशा का कारोबार वहा फल फूल रहा था। उन्होंने निजात अभियान चला कर अंकुश लगाने का कार्य किया जिसकी सराहना पूरे प्रदेश में हुई थी। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव पुलिस के नशा विरोधी, निजात अभियान को संस्थागत श्रेणी के लीडरशिप इन क्राइम प्रिवेंशनश् कैटेगरी में अमेरिका के प्रतिष्ठित आईएसीपी 2022 अवार्ड के लिए चयन हुआ है। यह अभियान तत्कालीन पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के कार्यकाल में शुरू किया गया थाण् आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी में बताया गया है कि अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ चीफस ऑफ पुलिस आईएसीपी द्वारा तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव संतोष सिंह के कार्यकाल के दौरान राजनांदगांव पुलिस द्वारा चलाए गए नशा विरोधी, निजात अभियान को संस्थागत श्रेणी के लीडरशिप इन क्राइम प्रिवेंशन कैटेगरी में अमेरिका के प्रतिष्ठित आईएसीपी अवार्ड हेतु चुना गया था।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in